RNI N.- BIHBIL/2022/88070 राष्ट्रीय द्विभाषिक सामाचार पत्र www. bordernewsmirror.com

# बॉर्डर न्यूज मिरर

"खबरों से समझौता नहीं"



पटना, वर्षः 7, अंकः81, मंगलवार, 05 मई 2026 मूल्यः 5:00, पृष्ठः8 9471060219, 9470050309 www.bordernewsmirror@gmail.com




कलश यात्रा में डीजे बजाने से विवाद के बाद पथराव, कई घायल 03



धर्मशाला भवन निर्माण कार्य का अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने किया निरीक्षण 04

शआज के लिए नहीं बल्कि भविष्य की विरासत के लिए काम करना... 07


## संक्षिप्त समाचार

### सुनेत्रा पवार ने जीत का इतिहास बनाया, 2.18 लाख वोटों से जीतीं

- 5 राज्यों की 7 सीटों पर उपचुनाव, इनमें भाजपा 4, कांग्रेस 1 जीती

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश के 5 राज्यों की 7 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के नतीजे लगभग आ गए हैं। महाराष्ट्र के बारामती सीट से एनसीपी उम्मीदवार सुनेत्रा पवार ने 2 लाख 18 हजार वोटों के अंतर से ऐतिहासिक जीत दर्ज की। यह अंतर भारत के इतिहास में अब तक का सबसे ज्यादा है।



सुनेत्रा पूर्व डिप्टी सीएम अजित पवार की पत्नी हैं, जिनका 28 जनवरी 2026 को विमान हादसे में निधन हो गया था। बारामती अजित पवार की पारंपरिक सीट रही है। यहां से सुनेत्रा की जीत लगभग तय थी। उनके खिलाफ 22 निर्दलीय उम्मीदवार मैदान में थे।

महाराष्ट्र के राहुरी सीट से भाजपा के अक्षय कार्डिले जीत गए हैं। भाजपा ने गुजरात, नगालैंड और त्रिपुरा की 1-1 सीट भी जीत ली है। कर्नाटक के बागलकोट में कांग्रेस उम्मीदवार जीते हैं। राज्य की दूसरी सीट, दावणगेरे साउथ पर कांग्रेस लगातार बढ़त बनाए हुए है। उपचुनाव वालीं सभी 7 सीटें पूर्व विधायकों की मौत के कारण खाली हुई थीं। कर्नाटक, नगालैंड और त्रिपुरा में 9 अप्रैल को वोटिंग हुई थी। गुजरात की लिमखेड़ा और महाराष्ट्र के बारामती और राहुरी सीट पर 23 अप्रैल को वोटिंग हुई थी।

**सुनेत्रा पवार ने बारामती में जीत के बाद जनता को धन्यवाद दिया–** बारामती में मिली जीत के बाद सुनेत्रा पवार ने जनता का दिल से धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि यह जीत लोगों के भरोसे, प्यार और समर्थन का नतीजा है, जिसे वे हमेशा याद रखेंगे। उन्होंने अजित पवार को याद करते हुए कहा कि यह जीत उनके काम और यादों को समर्पित है। साथ ही पार्टी कार्यकर्ताओं और सहयोगी दलों का आभार जताया और भरोसा दिलाया कि वे सभी वर्गों के विकास के लिए मिलकर काम करेंगे और जनता के विश्वास पर खरा उतरेंगे।

### अमेरिका ने ईरानी जहाज पाकिस्तान को सौंपा

- चीन से लौटते समय कब्जा किया था; यूएस नेवी होर्मुज में फंसे जहाजों को आज से रेस्क्यू करेगी

**तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी (एजेंसी)।** अमेरिकी सेना ने जब्त किए गए ईरानी जहाज टूस्का को अब पाकिस्तान को सौंप दिया है। अब इस जहाज को उसके क्रू मेंबर के साथ वापस ईरान भेजा जाएगा। यह जानकारी अमेरिकी सेंट्रल कमांड के प्रवक्ता ने दी।

अमेरिका ने 21 अप्रैल को इस जहाज को पकड़ लिया था। यह चीन से लौट रहा था। तब अमेरिकी अधिकारियों ने दावा किया था कि इस पर हथियार बनाने से जुड़े सामान लाए जा रहे थे। ईरान ने इस कार्रवाई की कड़ी आलोचना की थी और इसे समुद्री डकैती बताया था।



अमेरिका ने ईरानी जहाज को ऐसे समय पर रिलीज किया है जब कुछ ही घंटे पहले राष्ट्रपति ट्रम्प ने होर्मुज में फंसे जहाजों को सुरक्षित रास्ता देने के लिए नया अभियान शुरू करने का ऐलान किया है। ट्रम्प ने रविवार को सोशल मीडिया पर बताया कि कई देशों ने अमेरिका से मदद मांगी है। उनके जहाज यहां फंस गए हैं। ट्रम्प ने इन जहाजों और उनके कर्मचारियों को निर्दोष बताया और कहा कि वे हालात के कारण मुश्किल में फंस गए हैं।

उन्होंने कहा कि अमेरिका इन जहाजों को सुरक्षित रास्ता दिखाएगा ताकि वे बिना किसी खतरे के अपना काम जारी रख सकें। यह ऑपरेशन सुबह से शुरू होगा। ट्रम्प ने चेतावनी दी कि अगर इस ऑपरेशन में ईरान ने कोई रुकावट पैदा की तो अमेरिका सख्त जवाब देगा।





# प. बंगाल, असम, पुंडुचेरी में कमल खिला

## केरल में कांग्रेस गठबंधन तो तमिलनाडु में टीवीके का कमाल

**कोलकाता/गुवाहाटी/तिरुवनंतपुरम/पुंडुचेरी/चेन्नई (एजेंसी)।** देश के 5 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में हुए विधानसभा चुनावों के सोमवार को नतीजे आए। इन चुनावों में पश्चिम बंगाल, असम, केरल, तमिलनाडु और केंद्र शासित प्रदेश पुंडुचेरी शामिल हैं। रुझानों में बंगाल में बीजेपी पहली बार सरकार बनाती दिख रही है। वह 204 सीटों पर बढ़त बना ली थी। 30 सीटें जीत चुकी थी। वहीं, टीएमसी को झटका लगा है और उसने 83 का आंकड़ा भी पार नहीं कर पाया और डबल डिजिट में सिमटती दिख रही है। असम में भाजपा, तमिलनाडु में डीएमके, केरल में कांग्रेस आगे थी। पश्चिम बंगाल में 293 सीटों के लिए काउंटिंग हो रही है। वहीं असम की 126 सीटों पर एकतरफा मामला देखने को मिल रहा था और यहां भाजपा 99 सीटों पर आगे चल रही है।

**तमिलनाडु में टीवीके विजय ने सबको चौंकाया–** तमिलनाडु में एक्टर विजय की पार्टी टीवीके जबरदस्त प्रदर्शन करती नजर आ रही है। उसने सत्ताधारी डीएमके को पछाड़ते हुए 107 सीटों पर बढ़त बनाई हुई है, जबकि डीएमके 71 सीटों पर आगे चल रही है। थाला विजय जीत के बाद माता पिता से मिलने गए।



- **विजय की पार्टी टीवीके बहुमत के करीब–** असम, तमिलनाडु, केरलम और पुंडुचेरी विधानसभा सीटों पर वोटों की गिनती हुई। 2 साल पहले बनी विजय की पार्टी नंबर वन हो गई है और बहुमत के करीब थी। इधर, तमिलनाडु के मौजूदा सीएम एमके स्टालिन कोलाथुर सीट से चुनाव हार गए हैं। इधर, केरलम में 10 साल बाद यूटीएफ सरकार की वापसी हो रही है। डीएफ में कांग्रेस, मुस्लिम लीग और केरल कांग्रेस के गुट शामिल हैं। कांग्रेस 62 सीटें जीत चुकी है।



### असम में हिमंता बिस्व सरमा की हैट्रिक

असम में चुनावी माहौल पूरी तरह गरम है। 126 विधानसभा सीटों पर हुए मतदान हुआ था। हिमंता की तीसरी बार सरकार बन रही है। इस बार असम में 85.38 प्रतिशत मतदान दर्ज हुआ, जो राज्य के इतिहास में सबसे ज्यादा रहा है। मुख्य मुकाबला मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा के नेतृत्व वाली भाजपा और कांग्रेस गठबंधन के बीच था। हिमंता बिस्व सरमा हैट्रिक बनाने की और थे। भाजपा यहां एकतरफा जीत की और थी।

**पुंडुचेरी में भाजपा बनाने जा रही सरकार–** पुंडुचेरी की 30 सीटों पर मतगणना हुई। और यहां बीजेपी 18 और कांग्रेस 7 सीटों पर आगे चल रही थी। यहा भी भाजपा सरकार बनाने जा रही थी।

**केरलम में कांग्रेस नेतृत्व वाली यूडीएफ सत्ता के करीब** – केरलम की 140 सीटों पर वोटों की गिनती हो रही है और कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूडीएफ 100 सीटों पर आगे चल रही थी। वहीं लेफ्ट 35 सीटों के साथ पीछे चल रही है।

### कोलकाता में भाजपा समर्थकों ने ढोल-नगाड़े के साथ जश्न मनाया

असम और पश्चिम बंगाल चुनाव में शानदार प्रदर्शन के बाद बीजेपी समर्थकों में भारी उत्साह देखने को मिला। पार्टी के समर्थकों ने अभी से ही ढोल नगाड़े बजाकर अपनी खुशी जाहिर की। पश्चिम बंगाल के चुनावों में भारतीय जनता पार्टी की बढ़त के बाद कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह था। कोलकाता में भाजपा कार्यालय के बाहर 'कमला भोग' व 'झाल मुड़ी' जैसी मिठाइयां बांटी गईं। इसके साथ ही,



भाजपा कार्यकर्ताओं ने 'जय श्री राम' के नारे लगाए। कोलकाता में पार्टी मुख्यालय के बाहर भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में पहुंचे हैं और जश्न मना रहे हैं। इसी क्रम में स्थानीय नेता नारायण चट्टोपाध्याय 'कमला भोग' व 'झाल मुड़ी' लेकर पहुंचे। उन्होंने सभी को 'झाल मुड़ी' खिलाई।

**प्रचंड जीत पर शाह बोले बंगालवासियों ने घुसपैठियों और उनके हितैषियों को ऐसा सबक सिखाया...** पश्चिम बंगाल में बीजेपी की शानदार प्रदर्शन पर गृहमंत्री अमित शाह ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि बंगालवासियों ने घुसपैठियों और उनके हितैषियों को ऐसा सबक सिखाया है, जिसे तुष्टीकरण की राजनीति करने वाली पार्टियां कभी भूल नहीं पाएंगी। बंगाल ने जिन आशाओं और आकांक्षाओं के साथ मोदी जी के नेतृत्व पर यह विश्वास जताया है।

### भवानीपुर में ममता सिर्फ 218 वोट से पीछे थीं



भवानीपुर में 17 राउंड की काउंटिंग के बाद सुवेंदु अधिकारी सिर्फ 218 वोटों से आगे चल रहे हैं। ममता ने दोबारा गिनती करने की मांग की है।

### बंगाली धोती-कुर्ता में भाजपा मुख्यालय पहुंचे पीएम मोदी

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 में जनता ने भारतीय जनता पार्टी को बहुमत दिया है। बंगाल में पहली बार बीजेपी सरकार बनाने जा रही है। बीजेपी की जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कार्यकर्ताओं को बधाई दी है। बंगाल में बीजेपी की जीत पर पीएम मोदी बंगाली धोती-कुर्ता पहनकर भाजपा मुख्यालय पहुंचे थे। बीजेपी की जीत पर पीएम मोदी ने कहा, आज का ये दिन ऐतिहासिक है। जब वर्षों की साधना सफल होती है, तब ये खुशी दिखाई देती है। पीएम मोदी ने बीजेपी की जीत पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर



लिखा, 2026 के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव हमेशा याद रखे जाएंगे। जनता की शक्ति की जीत हुई है और भाजपा की सुशासन की राजनीति सफल रही है। मैं पश्चिम बंगाल के हर एक व्यक्ति के सामने नतमस्तक हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय पहुंचे और कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। पार्टी अध्यक्ष नितिन नवीन और गृह मंत्री अमित शाह पार्टी मुख्यालय पहुंच चुके थे। भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने कहा बंगाल में मिली जीत ऐतिहासिक है।

### वज्रपात व आंधी-तूफान से मौतों पर मुख्यमंत्री ने जताया शोक

**पटना।** राज्य में वज्रपात, आंधी-तूफान एवं तेज वर्षा से हुई जनहानि पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने पूर्वी चंपारण में 5, गया में 4 तथा औरंगाबाद में 3 लोगों की मौत पर दुख जताते हुए प्रभावित परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट की। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में राज्य सरकार पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये अनुग्रह अनुदान उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। साथ ही मुख्यमंत्री ने लोगों से खराब मौसम के दौरान सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि वज्रपात से बचाव को लेकर आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें तथा खराब मौसम के समय घरों में सुरक्षित रहें।

बंगाल चुनाव नतीजों के बीच आया सुप्रीम कोर्ट का फैसला

## 'कानून व्यवस्था संभालना सरकार का काम है'

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** बंगाल विधानसभाव चुनाव को लेकर मतगणना जारी है। इस बीच ही सुप्रीम कोर्ट सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव के बाद हिंसा की आशंकाओं के मद्देनजर केंद्रीय बलों की तैनाती जारी रखने की मांग वाली याचिका पर तत्काल सुनवाई करने से इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखना कार्यपालिका के अधिकार क्षेत्र में आता है। ऐसे में कोर्ट ने कहा कि वह राज्य तंत्र से न्यायिक हस्तक्षेप के बिना ही अपनी जिम्मेदारियों को निभाने की उम्मीद करता है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट में सीजेआई सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने कहा कि इस स्तर पर सर्वोच्च न्यायालय द्वारा किसी न्यायिक आदेश की आवश्यकता नहीं है। सीजेआई की बेंच पीठ ने कहा, राज्य का संचालन राजनीतिक कार्यपालिका द्वारा किया जाए। वे निर्णय लेंगे।



सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हमें उम्मीद है कि वे (राज्यसरकार) अपनी जिम्मेदारियों को समझते हैं। पीठ ने केंद्रीय पुलिस बलों की निरंतर तैनाती के निर्देश देने वाली याचिका पर तत्काल सुनवाई करने से इनकार कर दिया। ये टिप्पणियां तब आई जब वरिष्ठ अधिवक्ता वी. गिरि ने सनातनी संसद की ओर से दायर उस याचिका का जिक्र किया जिसमें मतदान समाप्त होने के बाद भी केंद्रीय बलों की मौजूदगी सुनिश्चित करने और सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश की अध्यक्षता में निगरानी तंत्र स्थापित करने का निर्देश देने की मांग की गई थी।

### इस याचिका में जल्दी की जरूरत क्या थी?

वकील वी गिरि ने पिछले चुनावों में कथित हिंसा की घटनाओं का हवाला देते हुए अदालत से एहतियाती हस्तक्षेप करने का आग्रह किया था। बता दें कि जब चुनावी प्रक्रिया पूरी हो चुकी थी और केवल मतगणना शेष थी, तब याचिका की तात्कालिकता को लेकर पीठ आश्वस्त नहीं दिखी।

इस मामले में अदालत ने पूछा, चुनाव समाप्त हो चुके हैं, मतगणना चल रही है। ऐसी स्थिति में इतनी तात्कालिकता की क्या आवश्यकता है? अदालत ने यह भी संकेत दिया कि इस प्रकार की शिकायतों के लिए उपयुक्त मंच संबंधित उच्च न्यायालय होगा।

खराब मौसम के कारण

## लखनऊ-दिल्ली इंडिगो फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग

उप्र के दोनों डिप्टी सीएम सवार थे, 10 राज्यों में आंधी-बारिश का अलर्ट

**नईदिल्ली/भोपाल/लखनऊ/जयपुर/देहरादून (एजेंसी)।** खराब मौसम की वजह से दिल्ली से लखनऊ जा रही इंडिगो की फ्लाइट 6ई-6476 की भोपाल में इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। इसमें यूपी के दोनों डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक सवार थे। दोनों भोपाल में सुरक्षित उतरे।

यूपी में आंधी-बारिश जारी है। कानपुर, सुल्तानपुर और बाराबंकी समेत 64 जिलों में आंधी, बारिश और ओले गिरने का अलर्ट है। पिछले 24 घंटे में जालौन सबसे गर्म शहर रहा। सुल्तानपुर में पेड़ की डाल गिरने से एक की मौत हो गई। राजस्थान के दौसा, कोटपूतली-बहरोड़, अलवर और हनुमानगढ़ में आंधी के साथ बारिश हुई। ओले भी गिरे। रविवार को खराब मौसम के कारण तीन लोगों की मौत हो गई। जयपुर-आगरा नेशनल हाईवे पर पेड़ गिरने से 40 मिनट तक जाम रहा। हरियाणा के सिरसा, भिवानी और महेंद्रगढ़ में रविवार को तेज बारिश के साथ ओले गिरे। उत्तराखंड के भी 11 जिलों में बारिश हुई। नैनीताल, देहरादून और अल्मोड़ा में ओले भी गिरे। जम्मू-कश्मीर के लघामा में लैंडस्लाइड के बाद बारामूला-उरी नेशनल हाईवे बंद





कर दिया गया। ट्रैफिक को उरी की ओर बांदी-परानपिलन-दाची मार्ग से डायवर्ट किया गया है। आंधी-बारिश के बीच तेज गर्मी और हीटवेव भी जारी है।

**अगले 2 दिन के मौसम का हाल–** राजस्थान, बिहार और उत्तराखंड समेत 10 राज्यों में आंधी-बारिश का दौर जारी है। आज 13 राज्यों में तेज बारिश का अलर्ट जारी किया है। 10 राज्यों में आंधी के साथ बिजली गिरने की आशंका है।

### 5 मई

- जम्मू-कश्मीर, हिमाचल और उत्तराखंड में बारिश के साथ बिजली गिरने का अनुमान है।
- यूपी, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, झारखंड और ओडिशा में आंधी-बारिश का यलो अलर्ट है।
- असम, मेघालय और अरुणाचल में कुछ जगह भारी बारिश का अनुमान है।

### 6 मई

- पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल और उत्तराखंड में बारिश होगी।
- यूपी, राजस्थान, बिहार, झारखंड और ओडिशा में आंधी-बारिश का यलो अलर्ट है।
- पश्चिम बंगाल, सिक्किम, असम और मेघालय में बारिश के साथ बिजली गिरने का अनुमान है

**यूपी में शादी का मंडप उड़ा, 22 जिलों में तेज बरसात; 3 की मौत–** यूपी में आंधी-बारिश का दौर जारी है। सोमवार सुबह अयोध्या, सीतापुर और बारांबकी में ओले गिरे। लखनऊ, वाराणसी, गोरखपुर और कानपुर समेत 22 जिलों में आंधी के बाद बारिश हुई।

संक्षिप्त समाचार

## वैशाली में अवैध संबंध में पत्नी की गला दबाकर हत्या, एनिवर्सरी के 4 दिन पहले घटना

**हाजीपुर**। वैशाली में एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। भगवानपुर थाना क्षेत्र के रतनपुरा गांव में एक पति पर अपनी पत्नी की गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगा है। मृतका की पहचान लक्ष्मी कुमारी के रूप में हुई है। यह घटना उनकी शादी की पहली सालगिरह से महज चार दिन पहले हुई, जिससे पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। परिजनों का आरोप है कि लक्ष्मी के पति शुभम राज का पड़ोस की एक महिला के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता था। आरोप है कि जब लक्ष्मी ने इस रिश्ते का विरोध किया, तो शुभम ने उसकी हत्या कर दी। मृतका के भाई दीपक कुमार ने बताया कि उनकी बहन की शादी 8 मई 2025 को शुभम राज से हुई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि शुभम ने केवल सामाजिक दबाव में यह शादी की थी, जबकि उसका झुकाव पहले से ही किसी अन्य महिला की ओर था। दीपक के मुताबिक, कई बार पंचायत के जरिए दोनों के बीच सुलह कराने की कोशिश की गई, लेकिन स्थिति में सुधार नहीं हुआ। घटना की जानकारी मिलते ही मायके पक्ष में कोहराम मच गया। परिजनों ने बताया कि उन्हें इस घटना की सूचना गांव के एक रिश्तेदार से मिली, जिसके बाद वे तुरंत ससुराल पहुंचे। मामले पर कार्रवाई करते हुए सदर एसडीपीओ गोपाल मंडल ने बताया कि पुलिस को रतनपुरा गांव में एक महिला की संदिग्ध मौत की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि शव घर के कमरे में पलंग पर रखा हुआ था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हाजीपुर सदर अस्पताल भेज दिया है। साथ ही, एफएसएल टीम को बुलाकर घटनास्थल से वैज्ञानिक तरीके से साक्ष्य जुटाए गए हैं। पुलिस का कहना है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। मृतका के परिजनों द्वारा लगाए गए अवैध संबंध के आरोप को भी जांच में शामिल किया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।



## 2 क्रिमिनल गिरफ्तार, अवैध हथियार बरामद, गांधी चौक पर ऑटो ड्राइवर से लूटपाट मामले में एक्शन

**हाजीपुर**। वैशाली पुलिस ने नगर थाना क्षेत्र से दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इन पर 29 अप्रैल को गांधी चौक के पास एक टेम्पो चालक से मारपीट और लूटपाट का आरोप है। पुलिस ने इनके पास से एक देशी पिस्टल और एक मोबाइल फोन बरामद किया है। इस संबंध में नगर थाना में कांड संख्या 399/26 दर्ज किया गया था। सदर एसडीपीओ सुबोध कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए वैशाली पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन किया गया था। इस टीम का नेतृत्व सदर-1 अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुबोध कुमार ने किया, जिसमें नगर थानाध्यक्ष भी शामिल थे। टीम ने मानवीय खुफिया जानकारी और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गहन अनुसंधान किया। इसके बाद, इस घटना में शामिल मयंक कुमार उर्फ मयंक निषाद (पिता दीपक सहनी, निवासी नखास चौक, नगर थाना, वैशाली) और राजू कुमार (पिता रमेश महतो, निवासी बागमल्ली, नगर थाना, वैशाली) को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार अपराधियों ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। दोनों को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। गिरफ्तार राजू कुमार का आपराधिक इतिहास रहा है। उस पर गंगाब्रिज थाना में आर्म्स एक्ट (कांड संख्या 48/23) और डकैती (कांड संख्या 35/23) के मामले दर्ज हैं। इसके अतिरिक्त, राजापाकड़ थाना में भी उस पर आर्म्स एक्ट (कांड संख्या 50/23) का मामला दर्ज है। मयंक कुमार पर नगर थाना में आर्म्स एक्ट (कांड संख्या 776/25), चोरी (कांड संख्या 242/24) और डकैती (कांड संख्या 245/24) के मामले दर्ज हैं।




## रायफल के साथ युवक गिरफ्तार, घर में छिपाकर रखने की सूचना थी, एसटीएफ ने की छापेमारी

**हाजीपुर**। वैशाली जिले के जुड़ावनपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक अपराधी को अवैध देशी रायफल के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान बीरपुर निवासी अनिल कुमार के रूप में हुई है। उसके पास से एक .303 बोर की देशी रायफल बरामद की गई है। सदर एसडीपीओ सुबोध कुमार ने बताया कि पुलिस को 3 मई 2026 को एसटीएफ के माध्यम से गुप्त सूचना मिली थी। सूचना में बताया गया था कि अनिल राय अपने घर में अवैध हथियार छिपाकर रखे हुए है और किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में है। इस सूचना के सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई के लिए वैशाली पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक टीम का गठन किया गया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-1 सुबोध कुमार के नेतृत्व में जुड़ावनपुर थानाध्यक्ष भी इस टीम में शामिल थे। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बताए गए स्थान पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान अनिल कुमार, पिता विश्वनाथ राय, निवासी बीरपुर, थाना जुड़ावनपुर, जिला वैशाली को गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से एक अवैध .303 देशी रायफल बरामद हुई। पूछताछ में अनिल कुमार ने अवैध रायफल के स्रोत के बारे में जानकारी दी है। इस संबंध में जुड़ावनपुर थाना में कांड संख्या 90/26 दर्ज किया गया है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। अनिल कुमार का आपराधिक इतिहास भी है। उसके खिलाफ जुड़ावनपुर थाना कांड संख्या 137/25 पहले से दर्ज है।

## 1 लाख से ज्यादा स्व-गणना, अब घर-घर जा रही सर्वे टीम, जनगणना के लिए हर परिवार से पूछे जा रहे 33 सवाल

**मुजफ्फरपुर**। मुजफ्फरपुर में जनगणना को लेकर अब जमीनी स्तर पर काम तेज हो गया है। 1 मई तक जहां 1,09,797 लोगों ने स्व-गणना (Self Enumeration) पूरी कर ली, वहीं 2 मई से प्रगणकों की टीम घर-घर पहुंचकर सर्वे कर रही है। प्रशासन ने इसे बेहद गंभीरता से लेते हुए साफ कर दिया है कि एक भी परिवार या व्यक्ति गणना से छूटना नहीं चाहिए। किस तरह से सर्वे का काम किया जा रहा, ये जानने के लिए हम मुजफ्फरपुर के मिठनपुरा इलाके में पहुंचे, जहां टीम गणना के काम में जुटी थी। जब हमारी टीम नगर निगम क्षेत्र में पहुंची, तो देखा कि प्रगणक (Enumerator) घर-घर जाकर लोगों से बातचीत कर रहे हैं। हाथ में मोबाइल-टैब लिए ये कर्मचारी हर परिवार से निर्धारित सवाल पूछकर डेटा दर्ज कर रहे हैं। कई जगह लोग खुद जानकारी देने के लिए तैयार मिले, तो कुछ जगह प्रगणकों को विस्तार से समझाना पड़ रहा था कि यह प्रक्रिया क्यों जरूरी है। नगर निगम क्षेत्र में गणना कर रहे टीम सुपरवाइजर रोहित कुमार ने बताया कि हर प्रगणक को उसका क्षेत्र (HLB) आवंटित कर दिया गया है। हर घर से कुल 33 बिंदुओं (प्रश्नों) पर जानकारी ली जा रही है, ताकि किसी भी प्रकार का कन्फ्यूजन न रहे और एक समान डेटा इकट्ठा हो सके। रोहित कुमार ने स्पष्ट किया कि अभी किसी भी तरह के डॉक्यूमेंट की फिजिकल जांच नहीं की जा रही है। लोगों से अपील की गई है कि वे सही और सटीक जानकारी दें, ताकि डेटा विश्वसनीय हो सके। अक्सर यह सवाल सामने आता है कि अगर घर का मुखिया बाहर हो तो क्या होगा? इस पर टीम ने बताया कि ऐसे मामलों में घर के अन्य सदस्य उनसे संपर्क कर जानकारी देंगे और गणना पूरी की जाएगी। यदि घर के मुखिया की मृत्यु हो चुकी है, तो परिवार के अन्य प्रमुख सदस्य के नाम से गणना की जाएगी और पूरी जानकारी दर्ज की जाएगी। जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि सभी प्रगणक घर-घर जाकर सही, सटीक और प्रमाणिक जानकारी जुटाएं और उसे डिजिटल माध्यम में दर्ज करें। उन्होंने कहा कि जनगणना के आंकड़े ही भविष्य की योजनाओं और नीतियों की आधारशिला होते हैं, इसलिए इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया है कि कोई भी व्यक्ति या परिवार गणना से वंचित न रह जाए। हर घर तक पहुंचना और सभी 33 प्रश्नों के उत्तर सही तरीके से दर्ज करना अनिवार्य है।

# युवक की गोली मारकर हत्या सिर और सीने में दो गोली लगी

एजेंसी, पटना

पटना के बिहटा थाना क्षेत्र के पैनाल पंचायत स्थित महमदपुर गांव में एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घायल युवक को परिजनों ने तुरंत बिहटा के एनएसआईटी अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान मुन्ना राय के पुत्र अनिरोध राय के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही बिहटा थाना प्रभारी अमित कुमार के साथ तीन थानों की पुलिस बल मौके पर पहुंची।

जिसके बाद पुलिस मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि युवक को दो गोलियां लगी थीं, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस फिलहाल हत्या के कारणों का पता लगाने में जुटी है। इस वारदात के बाद गांव और आसपास के क्षेत्रों में भय का माहौल बना हुआ है। परिजनों के अनुसार, मृतक अनिरोध राय अपने तीन भाइयों में सबसे बड़ा था।

### 10 दिन पहले छोटे भाई की शादी थी



गौरतलब है कि 25 अप्रैल को ही उसके छोटे भाई की शादी हुई थी, जिससे परिवार में खुशी का माहौल था। यह खुशी अब मातम में बदल गई है। पुलिस मामले के हर पहलू से जांच कर रही है।

**एसडीपीओ ने कहा- सिर और सीने में गोली लगी है:** SDPO 2 अमरेंद्र कुमार झा ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस को युवक गोली लगने की गुप्त सूचना मिली थी। जिसके बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। युवक को सिर और सीने में गोली लगी है।

**पुलिस बोली- परिजनों के बयान में विरोधाभ्यास:** SDPO 2 ने आगे बताया कि जब पुलिस मौके पर पहुंची तो युवक के परिजन ने बताया की युवक का एक्सीडेंट हो गया था जिसके बाद उसे NSIT हॉस्पीटल में भर्ती कराया गया है। परिजनों के बयान में विरोधाभ्यास है। घटना घर के बाहर घटी है। पुलिस टीम जांच में कर रही है। साथ ही FSL की टीम को बुलाया गया है। परिवार के लोग कुछ भी स्पष्ट नहीं बता रहे हैं।

## पटना- दिन में छाया अंधेरा, गरज-चमक के साथ तेज बारिश



एजेंसी, पटना

बिहार के कई जिलों में आंधी के साथ तेज बारिश हो रही। सोमवार को पटना समेत प्रदेश के 16 जिलों में बरसात हुई। पटना में दोपहर में ही अंधेरा छा गया। आंधी चलने से कई चीजें बिखर गईं। वहीं, आंधी से पटना एयरपोर्ट के बाहर टाइल्स टूटकर गिर गए। इसके अलावा नौबतपुर, बिहटा में भी तेज बारिश हो रही है। बारिश के बाद चारों ओर पानी भर गया।

मौसम विभाग ने आज पूरे बिहार में बारिश का अलर्ट जारी किया है। इनमें 15 जिलों के लिए रेड अलर्ट है, जबकि 19 जिलों के लिए यलो अलर्ट है। कई जिलों में 60KM/H की स्पीड से हवा चल सकती है। आकाशीय बिजली का भी अलर्ट है।

### एयरपोर्ट पर टाइल्स टूटकर गिरे

**पटना का अधिकतम तापमान 29 डिग्री:** बदलते मौसम के कारण अधिकतम तापमान में भी गिरावट दर्ज की जा रही है। बिहार में फिलहाल अधिकांश जिलों का तापमान 34 से 38 डिग्री के बीच बना हुआ है। फिलहाल पटना का अधिकतम तापमान 29 डिग्री के आसपास है।

## लालू परिवार को राबड़ी आवास खाली करने का अल्टीमेटम

एजेंसी, पटना

बिहार की राजनीति से जुड़ी बड़ी खबर सामने आ रही है। सूत्रों के हवाले से जानकारी मिली है कि सम्राट सरकार ने लालू परिवार को 10 सर्कुलर रोड स्थित सरकारी आवास खाली करने के लिए 15 दिनों का अल्टीमेटम दिया है। 25 नवंबर 2025 को आवास खाली करने को लेकर आदेश जारी किया गया था, लेकिन लालू परिवार की ओर से अब तक बंगला खाली नहीं किया गया है। ऐसे में सरकार ने दोबारा सख्त रुख अपनाते हुए अब 15 दिनों का अल्टीमेटम दिया गया है। 10 सर्कुलर रोड यानी राबड़ी आवास में पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव रहते हैं। राबड़ी देवी के अलावा हारे हुए विधायकों को भी नोटिस भेजा गया। सरकारी बंगला खाली करने को कहा गया। भवन निर्माण विभाग के अधिकारी ने नोटिस जारी किया है। हालांकि, इस मामले में अभी तक सरकार या संबंधित विभाग की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। राजनीतिक गलियारों में इस खबर को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं।



**20 साल बाद राबड़ी आवास खाली करने के आदेश:** 20 साल बाद लालू परिवार को 10 सर्कुलर रोड स्थित सरकारी आवास (राबड़ी आवास) खाली करने का नोटिस दिया गया था। बिहार भवन निर्माण विभाग ने 25 नवंबर 2025 को राबड़ी देवी को पहला नोटिस जारी किया था। भवन निर्माण विभाग की ओर से जारी आदेश में कहा गया कि बिहार विधान परिषद के आवासन के लिए पटना केन्द्रीय पुल की आवास संख्या 39 हार्डिंग रोड अलॉट किया गया है।

# फुलवारी शरीफ में विवाहिता की संदिग्ध मौत, ससुराल वाले बोले- सुसाइड की है

एजेंसी, पटना

पटना के फुलवारी शरीफ थाना क्षेत्र में दहेज के लिए एक विवाहिता की हत्या का मामला सामने आया है। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पति समेत चार लोगों को हिरासत में लिया है। घटना ईसापुर राय चौक के पास रविवार देर रात की बताई जा रही है। हिरासत में लिए गए लोगों में मोनिका के पति जितेंद्र कुमार (40), ससुर जगदीश यादव, सास कांति देवी और ननद मीना कुमारी शामिल हैं। पुलिस ने मृतक मोनिका कुमारी (33) के शव को पोस्टमार्टम के लिए पटना एम्स भेज दिया है। मामले की जांच शुरू कर दी है।



**2017 में हुई थी शादी, दहेज में सोने की चेन की डिमांड :** जानकारी के मुताबिक, मोनिका कुमारी की शादी 19 नवंबर 2017 को फुलवारी शरीफ के राय चौक निवासी जगदीश यादव के पुत्र जितेंद्र कुमार से हुई थी। मोनिका के पिता उमेश प्रसाद यादव, जो पटना के गोलघर शिव मंदिर के निवासी हैं, ने बताया कि शादी के बाद से ही जितेंद्र कुमार सोने की चेन की मांग कर रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि जितेंद्र कुमार पहले एक निजी नौकरी करते थे, जो छूट गई थी। बाद में 20,000 देने के बाद उन्हें पटना की एक अन्य निजी कंपनी में नौकरी मिली, लेकिन इसके बाद भी वे लगातार सोने की चेन के लिए मोनिका को प्रताड़ित करते रहे।

**हत्या कर आत्महत्या का रूप देने का आरोप:** उमेश प्रसाद यादव ने बताया कि, रविवार रात जितेंद्र कुमार के बहनोई रतनलाल ने उन्हें सूचना दी कि मोनिका कुमारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। आधी रात को जब वे पटना से फुलवारी शरीफ पहुंचे, तो उन्होंने मोनिका का शव बिस्तर पर पड़ा देखा। उमेश प्रसाद ने आरोप लगाया है कि ससुराल वालों ने मोनिका कुमारी की हत्या कर उसे आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की है।

### ♦ पिता ने लगाया दहेज हत्या का आरोप, पति समेत चार हिरासत में

**पति समेत चार लोगों को हिरासत में लिया:** परिजनों ने फुलवारी शरीफ थाने में इस संबंध में मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने उनके आवेदन के आधार पर पति जितेंद्र कुमार, ससुर जगदीश यादव, सास कांति देवी और ननद मीना कुमारी को हिरासत में लिया है।

# बिहार स्टेट ओपन ई-स्पोर्ट्स चैंपियनशिप आज से शुरू, 5 गेम के लिए 2182 खिलाड़ी मैदान में

एजेंसी, पटना

आज से बिहार स्टेट ओपन ई-स्पोर्ट्स चैंपियनशिप की शुरुआत हो गई है। यह ई-स्पोर्ट्स का तीसरा संस्करण है, जिसका पूल प्राइज 5.75 लाख रुपए रखा गया है। इस ई-स्पोर्ट्स में पांच तरह के गेम में प्रतिभागी हिस्सा लेंगे, जिसमें Chess.com, ई-फुटबॉल, EA FC- 26, BGMI और स्ट्रीट फाइटर- 6 जैसे गेम शामिल हैं। आज सभी खिलाड़ी ऑनलाइन ही गेम में भाग लेंगे। वहीं, 16 मई को पटना के पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कांप्लेक्स के इंडोर स्टेडियम में ग्रैंड फिनाले का आयोजित किया जाएगा।

**प्रतिभागियों की आयु सीमा निर्धारित:** इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों की आयु सीमा निर्धारित की गई है। इसमें Chess.com, ई-फुटबॉल, EA FC- 26 के लिए 12 वर्ष से अधिक, BGMI और स्ट्रीट फाइटर- 6 के लिए 16 वर्ष के ऊपर की आयु निर्धारित की गई है।



**क्या होता है ई-स्पोर्टस?:** ई-स्पोर्ट्स यानी इलेक्ट्रॉनिक स्पोर्ट्स है। यह सिर्फ समय बिताने के लिए खेला जाने वाला वीडियो गेम नहीं है, बल्कि एक मानसिक और तकनीकी खेल है। जैसे क्रिकेट या फुटबॉल में शारीरिक क्षमता की जरूरत होती है, वैसे ही ई-स्पोर्ट्स में एकाग्रता, क्विक रिफ्लेक्सेस और टीम रणनीति की आवश्यकता होती है। इसे अंतरराष्ट्रीय ओलिंपिक समिति तक मान्यता मिल चुकी है। इस तरह ई-स्पोर्ट्स युवाओं के लिए एक कॅरियर विकल्प बन चुका है।

### 16 मई को होगा ग्रैंड फिनाले

**क्या है ई-स्पोर्ट्स के फायदे?:** ई-स्पोटर्स के कई फायदे होते हैं। इसमें अपनी पकड़ मजबूत बनाने से ऑनलाइन दुनियाभर के लोग एक प्रतियोगिता में शामिल हो सकते हैं। वैश्विक तौर पर आपको इसमें अपना करियर बनाने का लोगों को मौका मिलता है। इसमें खिलाड़ियों को आर्थिक तौर पर भी लाभ मिलता है। फिलहाल के समय में इसमें नौकरी के भी अवसरों में काफी इजाफा हुआ है।

## पटना में पिस्टल सटाकर दंपति से दिनदहाड़े छिनतई

एजेंसी, पटना

पटना में दिनदहाड़े दंपति से पिस्टल के बल पर लूट की वारदात को अंजाम दिया गया है। घटना शास्त्रीनगर थाना क्षेत्र के समनपुरा इलाके से सामने आई है। जानकारी के अनुसार, दंपति बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान एक बाइक पर सवार तीन बदमाशों ने उन्हें बीच सड़क पर रोक लिया और पिस्टल सटाकर सोने की चेन छीन ली। जब दंपति ने विरोध किया, तो बदमाशों ने पिस्टल तान दिया और उनके साथ मारपीट की। फिर हथियार लहराकर मौके से फरार हो गए। पीड़ित दामोदरम केपी और अलया फतीमा पटना के हाई कॉलेज में नर्सिंग स्टाफ हैं। सुबह के वक्त पत्नी के साथ कॉलेज आ रहे थे। इसी बीच कॉलेज से चंद कदम की दूरी पर घटना को बदमाशों ने अंजाम दिया।



**CCTV में कैद हुई पूरी घटना:** यह पूरी वारदात इलाके में लगे CCTV कैमरे में कैद हो गई है। घटना के समय सड़क पर कई लोग मौजूद थे, लेकिन बदमाशों के हाथ में पिस्टल देखकर कोई भी बीच-बचाव के लिए आगे नहीं आया। मामले में पटना सेंट्रल एसपी दीक्षा ने बताया कि, 'सुबह के समय समनपुरा इलाके में छिनतई की घटना सामने आई है।

## पीयू छात्रसंघ अध्यक्ष को नहीं मिली कोर्ट से जमानत

एजेंसी, पटना

पटना यूनिवर्सिटी में 30 मार्च को तत्कालिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की मौजूदगी में हुए बवाल के बाद पुलिस ने छात्र संघ अध्यक्ष शांतनु शेखर समेत 6 छात्रों को नामजद आरोपी बनाया था। आज पटना के सिवतत्कालिनिल कोर्ट में सुनवाई थी, जिसमें कोर्ट ने छात्र संघ अध्यक्ष को जमानत देने से इनकार कर दिया है। अदालत के इस फैसले के बाद छात्र राजनीति में हलचल तेज हो गई है। विश्वविद्यालय परिसर में इसको लेकर विभिन्न प्रतिक्रियाएं देखने को मिल रही हैं।

शांतनु शेखर ने कहा कि मामले की सुनवाई आगे भी जारी रहेगी और सभी पक्षों की दलीलों के आधार पर अगला निर्णय लिया जाएगा। मैं अब न्याय के लिए हाई कोर्ट जाऊंगा। मुझे उम्मीद थी कि सिविल कोर्ट में मुझे न्याय मिलेगा, क्योंकि मैंने कोई बहुत बड़ा अपराध नहीं किया था। मैंने सिर्फ छात्र हितों की बात की थी। मगर मुझे सरकार के प्रेशर में प्रताड़ित किया जा रहा है। इससे मेरे छात्र संघ का कार्यकाल भी प्रभावित हो रहा है। मैं यूनिवर्सिटी के छात्रों को अभी तक कोई लाभ नहीं पहुंचा पा रहा हूं। ये बात मुझे खल रही है।



दरअसल, पीयू के नए प्रशासनिक और शैक्षणिक भवन (कला संकाय) के उद्घाटन कार्यक्रम आयोजित किया गया था। बिहार के तत्कालीन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और तत्कालीन उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पटना यूनिवर्सिटी के कैंपस में पहुंचे थे।

## बेली रोड में जून महीने से शुरू होगी टनल खोदाई

एजेंसी, पटना

पटना मेट्रो प्रबंधन ने अंडरग्राउंड टनल निर्माण में तेजी लायी गई है। मोइनुल हक स्टेडियम से गांधी मैदान तक मेट्रो टनल की खोदाई सफलतापूर्वक पूरी कर ली गई है। अब बेली रोड में टनल बोरिंग मशीन (TBM) लॉन्च करने की तैयारी है। जून महीने से बेली रोड में अंडरग्राउंड स्टेशन के निर्माण के लिए टनल की खोदाई शुरू की जाएगी। इसके लिए सॉइल टेस्टिंग की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। मेट्रो प्रशासन ने संबंधित निर्माण स्थलों के पास बैरिकेडिंग शुरू कर दी है। इनकम टैक्स गोलंबर, विकास भवन और पटना जू के पास बैरिकेडिंग की गई है।

**बेली रोड में जून से मेट्रो टनल का शुरू होगा निर्माण:** पटना के नेहरू पथ (बेली रोड) पर आकाशवाणी मेट्रो स्टेशन से एक अंडरग्राउंड मेट्रो लाइन विद्युत भवन को जोड़ेगी। विद्युत भवन के पास एक नया अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशन बनाया जाएगा, जिससे सचिवालय क्षेत्र और आसपास के कार्यालयों को सीधी मेट्रो सुविधा मिलेगी। यह अंडरग्राउंड टनल विद्युत भवन से आगे विकास भवन, पटना जू, राजा बाजार और रुकनपुरा होते हुए पाटलिपुत्र मेट्रो स्टेशन तक जाएगी। पाटलिपुत्र मेट्रो स्टेशन के बाद मेट्रो सेवा एलिवेटेड ट्रैक पर संचालित होगी। यह एलिवेटेड कारिडोर पाटलिपुत्र से आरपीएस मोड़ और सगुना मोड़ होते हुए दानापुर मेट्रो स्टेशन तक जाएगा।



मेट्रो प्रोजेक्ट के अंडरग्राउंड कॉरिडोर का अहम हिस्सा माने जाने वाला मोइनुल हक स्टेडियम से गांधी मैदान तक मेट्रो टनल की खोदाई सफलतापूर्वक पूरी कर ली गई है। वहीं, गांधी मैदान से आकाशवाणी तक टनल की खोदाई का काम लगभग 90 प्रतिशत पूरा हो चुका है। राजेंद्र नगर, मोइनुल हक स्टेडियम, पटना विश्वविद्यालय, पीएमसीएच और गांधी मैदान होते हुए अंडरग्राउंड टनल आकाशवाणी के पास पहुंचेगा। यहां से पटना जंक्शन तक मेट्रो का परिचालन अंडरग्राउंड ही रहेगा। इस साल के अंत तक प्रायॉरिटी कॉरिडोर पाटलिपुत्र बस टर्मिनल से पटना जंक्शन तक निर्माण कार्य पूरा करते हुए परिचालन शुरू करने की योजना है।

### पटना मेट्रो लॉन्च करेगी टीबीएम मशीन, अंडरग्राउंड स्टेशन के निर्माण ने पकड़ी रफ्तार

दूसरी ओर मोइनुल हक स्टेडियम से राजेंद्र नगर टर्मिनल के बीच लगभग 800 मीटर तक टनल निर्माण के लिए खुदाई शुरू हो गई है। रेलवे से अनुमति मिलने के बाद दिसंबर 2025 से रुका हुआ निर्माण का काम गति पकड़ा है। दरअसल, मोइनुल हक स्टेडियम से राजेंद्र नगर टर्मिनल होते हुए मलाही पकड़ी मेट्रो स्टेशन के पहले तक लगभग 1800 मीटर लंबी टनल तैयार की जानी है। इस हिस्से में खुदाई के लिए पटना मेट्रो ने दो टनल बोरिंग मशीन (TBM) को लगाया था और काम तेजी से चल रहा था, लेकिन रेलवे से मंजूरी नहीं मिलने के कारण इसे रोकना पड़ा।

## संक्षिप्त समाचार

### हत्या मामले में महिला को उम्रकैद, कोर्ट ने लगाया 10 हजार का जुर्माना

**बीएनएम @ बेतिया।** बेतिया पुलिस द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य, पुलिस गवाही एवं समर्पित चार्जशीट के आधार पर हत्या के एक मामले में अदालत ने महिला अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। जानकारी के अनुसार, माननीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एडीजे-10) प्रभाकर दत्त मिश्रा की अदालत ने नौतन थाना कांड संख्या-530/23 में अभियुक्त सुशीला देवी को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत दोषी पाते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई। साथ ही अदालत ने 10 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है। जुर्माना नहीं देने पर तीन माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। अभियुक्त सुशीला देवी, बेतिया थाना क्षेत्र के मुड़ही लोकरिया गांव की निवासी है। मामले के संक्षिप्त विवरण के अनुसार मृतक विजय प्रसाद का अभियुक्ता के साथ अवैध संबंध था। बताया गया कि विजय प्रसाद अपनी जमीन बेचकर अभियुक्ता को पैसा देता था। बाद में मृतक के पिता जगदेव प्रसाद ने जमीन अपनी पत्नी के नाम कर दी, जिससे अभियुक्ता नाराज हो गई। अभियोजन के अनुसार इसी नाराजगी में सुशीला देवी ने साजिश के तहत विजय प्रसाद को बुलाकर अन्य लोगों के सहयोग से उसकी हत्या कर दी और शव को लोकरिया नहर के पास गाड़कर छिपा दिया। मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से लोक अभियोजक रामनगीना प्रसाद ने प्रभावी पैरवी की, जिसके आधार पर न्यायालय ने अभियुक्ता को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई।

### भाजपा की जीत पर उत्साहः कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़ बांटी मिठाइयां



**बीएनएम @ मोतिहारी।** बंगाल, असम और पुडुचेरी में भाजपा के बहुमत का आंकड़ा पार करने की खुशी में सोमवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार जश्न मनाया। भाजपा नेता एवं उद्योगपति यमुना सिकरिया, बिहार किसान मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष अखिलेश सिंह तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने मोदी मिमेंटो संग्रहालय परिसर में एकत्र होकर पटाखे फोड़े और मिठाइयां बांटकर खुशी व्यक्त की। इस अवसर पर भाजपा नेता अखिलेश सिंह ने कहा कि भाजपा का सपना था कि पार्टी के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और स्वामी विवेकानंद की धरती पर भाजपा की सरकार बने। उन्होंने कहा कि जनता ने भाजपा की मेहनत, ईमानदारी और विकास की राजनीति पर विश्वास जताया है। "आज ऐतिहासिक दिन है। गंगोत्री से गंगासागर तक विकास की नई रफ्तार देखने को मिलेगी और बंगाल में भयमुक्त सरकार चलेगी," उन्होंने कहा। वहीं भाजपा नेता एवं उद्योगपति यमुना सिकरिया ने इसे बंगाल और असम की जनता की जीत बताया। उन्होंने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकासवादी सोच और भाजपा कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत का परिणाम है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में बंगाल विकास की नई पहचान बनाएगा।

# कलश यात्रा में डीजे बजाने से विवाद के बाद पथराव, कई घायल

बीएनएम @ मोतिहारी



**मोतिहारी।** पचपकड़ी थाना क्षेत्र के भंडार गांव में सोमवार को आयोजित कलश यात्रा उस समय तनाव और हिंसा की भेंट चढ़ गई, जब डीजे बजाने को लेकर शुरू हुआ विवाद अचानक उग्र हो गया। श्री विष्णु महायज्ञ के तहत निकाली गई इस यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे। भक्ति और उत्साह के माहौल के बीच शुरू हुई यात्रा कुछ ही देर में अफरा-तफरी और पथराव में बदल गई। जानकारी के अनुसार, डीजे को लेकर दो पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हुई थी। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों ओर से पत्थरबाजी शुरू हो गई। अचानक हुई इस घटना से पूरे इलाके में भगदड़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई। मौके पर मौजूद लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। घटना में कई पुलिसकर्मी घायल हो गए, जबकि ड्यूटी पर मौजूद बीडीओ को भी गंभीर चोटें आई हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल मौके पर भेजा गया। सूचना मिलते ही डीएम और एसपी स्वयं घटनास्थल पहुंचे और हालात को नियंत्रित करने की जिम्मेदारी संभाली। प्रशासन की तत्परता के कारण स्थिति को जल्द काबू में कर लिया गया और बड़ा हादसा टल गया। तनाव को देखते हुए कलश यात्रा को कुछ समय के लिए रोक दिया गया था। बाद में भारी सुरक्षा व्यवस्था और पुलिस निगरानी के बीच यात्रा को पुनः शुरू कराया गया और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराया गया। घटना के बाद भंडार गांव में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। पूरे गांव को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है। ड्रोन कैमरों से निगरानी की जा रही है तथा हर गतिविधि पर प्रशासन की नजर बनी हुई है। पुलिस ने पूरे घटनाक्रम की वीडियोग्राफी कराई है और फुटेज के आधार पर उपद्रवियों की पहचान की जा रही है। गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम का गठन किया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट कहा है कि कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने लोगों से शांति बनाए रखने और अफवाहों से दूर रहने की अपील की है। फिलहाल इलाके में स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन तनाव का माहौल बना हुआ है।

## आंधी, बारिश और वज्रपात से पूर्वी चंपारण में तबाही, छह लोगों की मौत

बीएनएम @ मोतिहारी

**मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण जिले में सोमवार को मौसम का कहर देखने को मिला। तेज आंधी, बारिश और आकाशीय बिजली की चपेट में आकर अलग-अलग घटनाओं में छह लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हो गए। अचानक आई इस आपदा से जिले के कई इलाकों में अफरा-तफरी और भय का माहौल बन गया। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रूपडीह गांव में तेज हवा के दौरान एक विशाल पेड़ अचानक सड़क से गुजर रहे टेंपो पर गिर पड़ा। हादसा इतना भीषण था कि टेंपो पर सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं सुगौली प्रखंड के कैथवलिया गांव में आकाशीय बिजली गिरने से दो बच्चों की दर्दनाक मौत हो गई। घटना में एक अन्य व्यक्ति भी घायल हुआ है, जिसका उपचार जारी है। हादसे के बाद गांव में शोक का माहौल है। रामगढ़वा थाना क्षेत्र के सिसवनिया गांव में वज्रपात के कारण ताड़ के पेड़ में आग लग गई। देखते ही देखते आग आसपास के फूस के घरों तक फैल गई। इस हादसे में एक दो वर्षीय बच्ची की जलकर मौत हो गई, जबकि करीब आधा दर्जन घर जलकर राख हो गए। ग्रामीणों और फायर ब्रिगेड की टीम ने काफी प्रयास के बाद आग पर काबू पाया। घटनाओं की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची तथा राहत और बचाव कार्य शुरू किया। सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल ने मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की है। प्रशासन ने लोगों से खराब मौसम के दौरान सतर्क रहने तथा सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की है।

## सूखा नशा के खिलाफ बड़ी कार्रवाईः 220 ग्राम चरस व 10 ग्राम स्मैक के साथ चार गिरफ्तार



बीएनएम @ मोतिहारी

**मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण पुलिस ने सूखा नशा के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए रक्सौल थाना क्षेत्र से चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 220 ग्राम चरस, 10 ग्राम स्मैक सहित अन्य सामग्री बरामद की है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, 2 मई 2026 को रक्सौल थाना क्षेत्र के गांधीनगर करकट स्थित एक किराए के मकान में सूखा नशा का कारोबार होने की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के सत्यापन के बाद विशेष टीम गठित कर त्वरित छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान पुलिस ने 10 ग्राम स्मैक, 220 ग्राम चरस, एक इलेक्ट्रॉनिक तराजू, एक लाइटर एवं तीन चिलम बरामद किए। साथ ही मौके से चार आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपितों में अहिरवाटोला निवासी ब्रजकिशोर यादव उर्फ सिपाही यादव, प्रमेश कुमार, नवनीत कुमार तथा विशाल कुमार शामिल हैं। सभी रक्सौल थाना क्षेत्र के निवासी बताए गए हैं। इस मामले में रक्सौल थाना कांड संख्या-204/26 दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। छापेमारी टीम में सहायक पुलिस अधीक्षक सह थानाध्यक्ष रक्सौल थाना हेमंत सिंह, पुअनि कुशलेश पाण्डेय, पुअनि कृष्णमुरारी, पुअनि जितेंद्र कुमार एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## चार दिनों से लापता है 10 वर्षीय बालक, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

बीएनएम @ तुरकौलिया



**तुरकौलिया।** तुरकौलिया थाना क्षेत्र के जयसिंहपुर बन्दराहा गांव से चार दिन पूर्व लापता हुए 10 वर्षीय बालक का अब तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। बच्चे के गायब होने से परिवार में मातम जैसा माहौल है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। लापता बालक की पहचान गांव निवासी रामदेव राय के पुत्र पवन कुमार के रूप में हुई है। मामले को लेकर बच्चे की मां बाला देवी ने तुरकौलिया थाना में आवेदन देकर पुलिस से पुत्र की बरामदगी की गुहार लगाई है। परिजनों के अनुसार 1 मई को पवन कुमार घर के दरवाजे पर खेल रहा था। कुछ देर बाद वह अचानक गायब हो गया। परिवार के लोगों ने आसपास के गांवों तथा रिश्तेदारों के यहां काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल सका। बच्चे के चार दिनों से लापता रहने के कारण परिजन किसी अनहोनी की आशंका से भी सहमे हुए हैं। ग्रामीण अफताब ने बताया कि बच्चे की मां का रो-रोकर बुरा हाल है। घर में चूल्हा तक नहीं जल रहा है और परिवार के लोग खाना-पीना छोड़ बच्चे की तलाश में जुटे हैं। थानाध्यक्ष संपत कुमार ने बताया कि मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है और बच्चे की तलाश की जा रही है। सोशल मीडिया के माध्यम से भी उसकी खोजबीन कराई जा रही है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि यदि किसी को बच्चा कहीं दिखाई दे तो तुरकौलिया थाना के सरकारी नंबर 9031827127 अथवा 8271134072 पर सूचना दें।

## होटल में चल रही शराब पार्टी का भंडाफोड़, 1.100 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ चार गिरफ्तार

बीएनएम @ मोतिहारी




**मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण पुलिस ने छौड़ादानो थाना क्षेत्र में होटल में चल रही शराब पार्टी का भंडाफोड़ करते हुए चार लोगों को गिरफ्तार किया है। मौके से 1.100 लीटर अंग्रेजी शराब एवं चार मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक कार्यालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, 3 मई 2026 को गुप्त सूचना मिली थी कि छौड़ादानो थाना क्षेत्र के मठिया डीह स्थित एक होटल में शराब रखी गई है और वहां शराब पार्टी चल रही है। सूचना के बाद वरीय अधिकारियों के निर्देश पर विशेष छापेमारी टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने होटल हर्ष में छापेमारी की, जहां से रॉयल स्टैग ब्रांड की खुली बोतल में लगभग 700 एमएल तथा एक सोडा बोतल में 400 एमएल कुल 1.100 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गई। पुलिस ने मौके से चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार लोगों में होटल हर्ष के संचालक सह मैनेजर चंदन कुमार मिश्रा, मुकेश कुमार, सुधांशु शेखर सिन्हा तथा सचिन कुमार शामिल हैं। सभी पूर्वी चंपारण जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों के निवासी बताए गए हैं। पुलिस ने सभी आरोपितों की ब्रेथ एनालाइजर मशीन से जांच की, जिसमें तीन लोगों के शराब सेवन की पुष्टि हुई, जबकि एक आरोपी सचिन कुमार के शराब पीने की पुष्टि नहीं हुई। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। छापेमारी टीम में अपर थानाध्यक्ष श्रीकांत चौहान, पुअनि राहुल देव वर्मा, प्रशिक्षु पुअनि अंकुल कुमार, प्रशिक्षु पुअनि मो. फिरोज, प्रशिक्षु पुअनि अमित राज तथा सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## नारायणी रंगशाला रोड पर चला विशाल सफाई अभियान

बीएनएम @रक्सौल/बीरगंज



**रक्सौल/बीरगंज।** ग्रीनसिटी सामुदायिक प्रहरी सेवा केन्द्र आदर्शनगर, बीरगंज महानगरपालिका एवं गौतम माध्यमिक विद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में बीरगंज स्थित नारायणी रंगशाला जाने वाले सड़क खंड पर विशाल सफाई अभियान चलाया गया। कार्यक्रम बीरगंज महानगरपालिका के वार्ड संख्या-13 क्षेत्र में आयोजित हुआ, जिसकी अध्यक्षता ग्रीन सिटी सामुदायिक प्रहरी सेवा केन्द्र आदर्शनगर के अध्यक्ष जयप्रकाश खेतान ने की। अभियान में गौतम माध्यमिक विद्यालय के प्रिंसिपल गणेश क्षेत्री, शिक्षक रमेश शर्मा, ललित कर्ण, सौराज प्रधान तथा विद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में बीरगंज महानगरपालिका के मेयर राजेशमान सिंह की विशेष उपस्थिति रही। इसके अलावा सामुदायिक प्रहरी सेवा केन्द्र के पदाधिकारी, जिला ट्रैफिक प्रहरी कार्यालय पर्सा के प्रमुख युबराज कटवाल, सशस्त्र प्रहरी बल 13 गण के डीएसपी मोहन निरौला, जिला प्रहरी कार्यालय पर्सा के डीएसपी राजु कार्की, नगर प्रहरी प्रमुख हरि भुसाल एवं नगर प्रहरी के जवान भी अभियान में सक्रिय रूप से शामिल हुए। सफाई अभियान के दौरान नारायणी रंगशाला के आसपास स्थित सड़क क्षेत्र एवं सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई की गई। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता को लेकर जागरूकता फैलाने पर बल देते हुए ऐसे अभियानों को नियमित रूप से जारी रखने की आवश्यकता बताई।

## रक्सौल एसडीओ ने उद्योग इकाइयों का किया औचक निरीक्षण, उद्यमियों को दिए आवश्यक निर्देश

बीएनएम @ रक्सौल



**रक्सौल।** जिलाधिकारी पूर्वी चंपारण सौरभ जोरवाल के निर्देश पर रक्सौल अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार ने जिला उद्योग पदाधिकारी मोतिहारी के साथ रक्सौल एवं रामगढ़वा प्रखंड स्थित विभिन्न औद्योगिक इकाइयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने उद्योग परिसरों में चल रहे कार्यों का जायजा लिया और उद्यमियों से विस्तार से जानकारी प्राप्त की। इस दौरान अधिकारियों ने उद्योग संचालकों से संवाद करते हुए उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली तथा किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर तत्काल प्रशासन को सूचित करने का आग्रह किया। अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार ने कहा कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन उद्योगों के विकास और विस्तार को लेकर गंभीर है तथा उद्यमियों को हरसंभव सहयोग प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि यदि उद्योग संचालन के दौरान किसी प्रकार की प्रशासनिक या अन्य समस्या उत्पन्न होती है तो उसकी सूचना तुरंत जिला प्रशासन को दी जाए, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। निरीक्षण किए गए औद्योगिक इकाइयों में रक्सौल स्थित नाजिर शॉ मिल, रंजन स्टील फर्नीचर तथा रामगढ़वा प्रखंड के रघुनाथपुर स्थित आरएन आयरन इंडस्ट्री प्रमुख रूप से शामिल हैं। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागीय अधिकारी एवं कर्मी भी मौजूद रहे।

## रामगढ़वा रेलवे स्टेशन पर सिग्नल तार चोरी का खुलासा, रेलकर्मी समेत दो गिरफ्तार

बीएनएम @ रामगढ़वा



**रामगढ़वा।** पूर्वी चंपारण के रामगढ़वा रेलवे स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सिग्नल विभाग के कॉपर वायर चोरी मामले का पर्दाफाश किया है। इस कार्रवाई में सिग्नल हेल्पर समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उनके कब्जे से 32 मीटर डाल्टन कॉपर वायर बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 4,800 रुपये बताई गई है। रक्सौल आरपीएफ इंस्पेक्टर अजय कुमार चौधरी ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि रेलवे सिग्नल विभाग का तार बेचा जा रहा है। सूचना के आधार पर आरपीएफ पोस्ट रक्सौल के पोस्ट कमांडर रेसुबल के नेतृत्व में उपनिरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा, प्रधान आरक्षी रामानुज चौरसिया, आरक्षी राजीव कुमार समेत अन्य जवान रामगढ़वा स्टेशन पहुंचे और गुप्त निगरानी शुरू की। दोपहर करीब 12:50 बजे प्लेटफॉर्म संख्या-1 स्थित सिग्नल बैटरी रूम के पास एक व्यक्ति द्वारा सफेद प्लास्टिक बोरी में रखा भारी सामान दूसरे व्यक्ति को सौंपा जा रहा था। संदेह होने पर दोनों को पकड़ लिया गया। तलाशी लेने पर बोरी से 60C X 0.6 एमएम डाल्टन कॉपर वायर के पांच टुकड़े बरामद हुए, जिसकी कुल लंबाई 32 मीटर थी। दोनों आरोपी तार से संबंधित कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बौधा गांव निवासी 40 वर्षीय सिग्नल हेल्पर किशोर पासवान तथा रामगढ़वा थाना क्षेत्र के चिकनी गांव निवासी राकेश कुमार उर्फ रिशु के रूप में हुई है। पूछताछ में किशोर पासवान ने स्वीकार किया कि उसने वायर काटकर राकेश को बेचने के लिए दिया था। उसने यह भी बताया कि पिछले दो-तीन महीनों से इस तरह की गतिविधि चल रही थी। वहीं राकेश कुमार ने बताया कि किशोर पासवान ने फोन कर उसे बुलाया था और दोनों तार को रामगढ़वा बाजार स्थित खान कबाड़ दुकान में बेचने जा रहे थे। बिक्री के बाद पैसे आपस में बांटे जाते थे। आरपीएफ टीम ने बैटरी रूम के पीछे जांच की, जहां से 32 मीटर वायर का छिलका बरामद हुआ। बरामद तार पर अंकित मार्किंग "RAVICAB CABLE IRS S:76/89 ARP-2025 DRUM NO 0017" का मिलान सही पाया गया। इसके बाद तार को जब्त कर लिया गया। आरपीएफ टीम जब कथित कबाड़ दुकान पर पहुंची तो दुकान बंद मिली। आसपास पूछताछ करने पर भी संचालक के संबंध में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिल सकी। मामले में रेलवे संपत्ति अधिनियम (आरपी एक्ट) के तहत कार्रवाई करते हुए दोनों को हिरासत में लिया गया। बाद में किशोर पासवान को सीनियर सेक्शन इंजीनियर (सिग्नल) बापूधाम को सौंप दिया गया। आरपीएफ ने मु0अ0सं0-05/2026 दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# वाल्मीकि नगर पहुंचे निशांत कुमार, महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

» सद्भाव यात्रा के दूसरे दिन भी कार्यकर्ताओं में भरा रहा जोश और उत्साह

» यात्रा के दौरान जगह-जगह कार्यकर्ताओं व समर्थकों की उमड़ी रही भीड़

बीएनएम @ बगहा

**बगहा** : बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुत्र इंजिनियर निशांत कुमार बिहार की राजनीति में अपनी सक्रिय भूमिका की शुरुआत कर चुके हैं। निशांत कुमार की 'सद्भाव यात्रा' का दूसरा दिन भी उत्साह और जनसंपर्क से भरपूर रहा। यात्रा के क्रम में सोमवार को वे वाल्मीकिनगर पहुंचे, जहां उन्होंने महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धापूर्वक नमन किया।इस अवसर पर निशांत कुमार ने स्थानीय लोगों से आत्मीय संवाद स्थापित किया। उन्होंने आमजन की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और क्षेत्र की



जनभावनाओं को समझने का प्रयास किया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में मौजूद लोगों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया, जिससे पूरे इलाके में उत्साह और अपनापन का माहौल देखने को मिला। यात्रा के दौरान जगह-जगह कार्यकर्ताओं और समर्थकों की भीड़ उमड़ी रही। लोगों ने फूल-मालाओं और नारों के साथ उनका अभिनंदन किया। इस दौरान सामाजिक समरसता, आपसी भाईचारे और संवाद का संदेश प्रमुख रूप से उभरकर सामने आया।

**जगह-जगह स्वागत समारोह आयोजित-** चौतरवा में जदयू विधान पार्षद भीष्म सहनी ने हजारों कार्यकर्ताओं के साथ निशांत कुमार का अभिनंदन किया और उन्हें लड्डुओं से तौलकर स्वागत किया। वाल्मिकीनगर के पूर्व विधायक धीरेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ रिंकू सिंह ने अवसानी में अपने समर्थकों के साथ गाजे-बाजे के बीच भव्य स्वागत किया। इस दौरान रिंकू सिंह निशांत कुमार के साथ उनके रथ पर सवार होकर लोगों को संबोधित करते नजर आए। कार्यक्रम में "नीतीश कुमार जिंदाबाद" और "निशांत कुमार आगे बढ़ो" जैसे नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा।निशांत कुमार ने कार्यकर्ताओं और जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा, "इतने प्रेम और समर्थन के लिए आप सभी का दिल से धन्यवाद। सद्भाव यात्रा का उद्देश्य समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलना है। पिता जी ने बीते 20 वर्षों में जो विकास कार्य किए हैं, उन्हें जन-जन तक पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है।

## बासोपट्टी गांव में पिकअप से धक्के से मासूम की गई जान, फूटा आक्रोश

# गुस्साए ग्रामीणों ने घंटों सड़क जाम कर किया प्रदर्शन

» हादसे के बाद चालक वाहन छोड़कर हो गया फरार

बीएनएम @ योगापट्टी

**योगापट्टीः** योगापट्टी प्रखंड के शनिचरी थाना क्षेत्र स्थित बासोपट्टी गांव में दर्दनाक सड़क हादसे में पांच वर्षीय मासूम हजरत अली की मौत हो गई। हादसे के बाद ग्रामीणों और परिजनों ने सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया।जानकारी के अनुसार, बकुचिया गांव निवासी इजहार अंसारी अपने पांच वर्षीय पुत्र हजरत अली को इलाज के लिए परिजनों के साथ बगही कॉलोनी ले जा रहे थे।इसी दौरान शनिचरी की ओर से आ रही तेज



रफ्तार पिकअप वाहन ने बच्चे को जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मासूम की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने वाहन का नंबर बीआर 22 जीजी 3617 बताया है।आक्रोशित ग्रामीणों ने किया सड़क जाम घटना से नाराज ग्रामीणों और परिजनों ने बासोपट्टी-शनिचरी मुख्य सड़क को जाम कर दिया। सड़क जाम होने से कई घंटों तक आवागमन बाधित रहा और दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। ग्रामीण दोषी चालक की गिरफ्तारी और सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे थे।घटना की सूचना मिलते ही शनिचरी थाना प्रभारी संध्या कुमारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचीं। पुलिस ने लोगों को समझाकर जाम हटवाया और स्थिति सामान्य कराई। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस फरार चालक की तलाश में जुटी है।

# गैंगरेप के खिलाफ भाकपा माले का प्रदर्शन

» स्पीडी ट्रायल चलाकर अभियुक्तों को सजा दिलाने की मांग

» कहा, अपराध नियंत्रण में एनडीए सरकार नाकाम




बीएनएम @ गयाजी

**गयाजी**। गया-पटना रेलखंड पर बेला स्टेशन के समीप शुक्रवार रात हुए गैंगरेप के खिलाफ भाकपा माले ने आज बेलागंज बाजार में प्रदर्शन किया। अग्रवाल हाई स्कूल से निकला जुलूस बाजार होते अस्पताल पहुंचा जहां सभा आयोजित हुआ। सभा को भाकपा माले राज्य कमेटी सदस्य तारिक अनवर, जिला कमेटी सदस्य मोहम्मद शेरजहां व विभा भारती ने संबोधित किया। संचालन प्रखंड सचिव सूर्यविलास पासवान कर रहे थे। नेताओं ने कहा कि बेलागंज गैंगरेप की घटना ने पुलिस के सुरक्षा के दावे की पोल खोल दी है। आज बिहार में कानून व्यवस्था नाम की चीज नहीं रह गई है। आए दिन हत्या, बलात्कार और अपराध हो रहे हैं। सरकार सिर्फ जुमलेबाजी में व्यस्त है। बेखौफ अपराधियों द्वारा घटनाओं को अंजाम देना पुलिस की नाकामी को दिखाता है। यह शर्मनाक स्थिति है।वहीं माले नेताओं ने पटना–गया रेलखंड पर ट्रेन यात्रियों की सुरक्षा और गिरफ्तार अभियुक्तों को स्पडी ट्रायल चलाकर सजा सुनिश्चित करने की मांग की है।कार्यक्रम में भुना देवी, मंटू पासवान, आनंदी मांझी, अर्जुन मांझी, मोहम्मद माजिद, बमेश पासवान, मनोज चंद्रवंशी, सुरेश पासवान, रामानंद मांझी समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।

## हिंदुस्तान डायलस एंड केमिकल्स के गोदाम में आग लगने से अफरातफरी

**बीएनएम @ फतुहाः** फतुहा में हिंदुस्तान डायलस एंड केमिकल के गोदाम में नदी थाना क्षेत्र के पक्की दरगाह स्थित बांकाघाट स्टेशन के पास उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब हिंदुस्तान डायल्स एंड केमिकल के गोदाम में अचानक भीषण आग लग गई । देखते ही देखते आग ने भीषण विकराल रूप ले लिया और धु धुकर जलने लगा पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। भाग दौड़ मच गई आग इतनी भयावह और भीषण तेज थी कि दूर-दूर तक धुएं का गुबार नजर आने लगा। इस घटना की सूचना मिलते ही फतुहा थाना,नदी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को संभालने में जुट गई। वहीं आग पर काबू पाने के लिए फायर ब्रिगेड की एक-दो नहीं बल्कि 9 गाड़ियां देना दन मौके पर पहुंचीं और घंटों की कड़ी मेहनत और भाडी मशक्कत के बाद आग पर काबू जाकर पाया गया।

## बगहा में बदला मौसम का मिजाज, तेज आंधी के साथ झमाझम बारिश

**बीएनएम @ बगहाः** बगहा में सोमवार को दोपहर बाद अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। सुबह से मौसम साफ था, लेकिन दोपहर होते-होते आसमान में काले बादल छा गए। इसके बाद तेज आंधी चली और फिर झमाझम बारिश शुरू हो गई। अचानक आए इस बदलाव से शहर और आसपास के ग्रामीण इलाकों में जनजीवन प्रभावित हो गया।सिधांव क्षेत्र के पास एक खेत में आकाशीय बिजली गिरने की सूचना मिली है। इसका एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें कार में बैठा चालक बारिश का दृश्य रिकॉर्ड कर रहा था, तभी बिजली गिरने का दृश्य कैमरे में कैद हो गया। हालांकि खेत में गिरने के कारण किसी तरह के नुकसान की खबर नहीं है।दोपहर का समय होने के कारण बड़ी संख्या में लोग बाजार और हाट में मौजूद थे। अचानक आई आंधी और बारिश से लोग इधर-उधर छिपने को मजबूर हो गए। कई लोग रास्ते में ही रुककर बारिश थमने का इंतजार करते दिखे, जबकि कुछ लोग भीगते हुए अपने गंतव्य की ओर बढ़ते रहे। बाजारों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और दुकानदारों को जल्दी-जल्दी अपनी दुकानें समेटनी पड़ीं।बगहा रेलवे स्टेशन पर भी यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। उस समय ट्रेनों के आगमन का समय होने के कारण प्लेटफॉर्म पर भीड़ थी। तेज बारिश में यात्री भीगते हुए स्टेशन पहुंचते नजर आए, जिससे वहां अव्यवस्था की स्थिति बन गई।इस बारिश से जहां आम लोगों को दिक्कत हुई, वहीं किसानों के चेहरे पर खुशी दिखी। विशेषज्ञों के अनुसार यह बारिश गन्ना, धान और मक्का जैसी फसलों के लिए लाभदायक है। हालांकि तेज हवा के कारण आम के कुछ फल गिरकर खराब भी हो गए हैं।

## राबड़ी आवास पर सियासी संग्राम तेज, 15 दिन में खाली करने का नोटिस

**बीएनएम @ पटना**। बिहार की राजनीति में एक बार फिर आवास को लेकर हलचल बढ़ गई है। भवन निर्माण विभाग ने पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी को 10 सर्कुलर रोड आवास 15 दिनों के भीतर खाली करने का निर्देश दिया है। आदेश में साफ कहा गया है कि तय समयसीमा का पालन नहीं होने पर कार्रवाई की जा सकती है।

**नया आवास आवंटित-** सरकार की ओर से राबड़ी देवी को अब हार्डिंग रोड आवास संख्या 39 आवंटित किया गया है, जो केंद्रीय पूल का मकान है। यानी उन्हें वैकल्पिक व्यवस्था भी दी गई है, लेकिन समयसीमा को लेकर सख्ती बरती गई है।

**पहले भी हो चुका है विवाद-** यह पहली बार नहीं है जब इस आवास को लेकर विवाद सामने आया है। नवंबर 2025 में भी सरकार ने आवास खाली करने का आदेश जारी किया था, जब नीतीश कुमार के नेतृत्व में नई सरकार बनी थी। उस समय भी यह मुद्दा काफी राजनीतिक बहस का केंद्र बना था।

**सम्राट सरकार के बाद फिर सख्ती-** अब सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री बनने के बाद इस मामले में दोबारा सख्ती दिखी है। विभाग की ताजा कार्रवाई को प्रशासनिक निर्णय के साथ-साथ राजनीतिक संकेत के रूप में भी देखा जा रहा है।

**दो दशक से ज्यादा का जुड़ाव-** गौरतलब है कि लालू परिवार पिछले करीब 27 वर्षों से इस आवास से जुड़ा रहा है। 1997 में जब राबड़ी देवी मुख्यमंत्री बनीं, तब उन्हें सरकारी आवास मिला था और बाद में नेता प्रतिपक्ष रहने के दौरान भी 10 सर्कुलर रोड आवंटित रहा। धीरे-धीरे यह जगह "राबड़ी आवास" के नाम से पहचान बना चुकी है।

**फिर गरमा सकती है सियासत-** ताजा नोटिस के बाद एक बार फिर राज्य में सियासी टकराव तेज होने की संभावना है। विपक्ष इसे राजनीतिक दबाव के रूप में पेश कर सकता है, जबकि सरकार इसे नियमों के पालन की कार्रवाई बता रही है। आने वाले दिनों में यह मुद्दा बिहार की राजनीति में बड़ा विवाद बन सकता है।

## असम और पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत पर उत्साह

**बीएनएम @ पटना**। असम विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की लगातार तीसरी बार ऐतिहासिक जीत पर पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। इस अवसर पर शीर्ष नेतृत्व, समर्पित कार्यकर्ताओं और जनता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे विकास और सुशासन की राजनीति की जीत बताया गया है। इस विजय को प्रधानमंत्री के नेतृत्व, राष्ट्रीय अध्यक्ष के संगठनात्मक मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री के प्रशासनिक कार्यों का परिणाम बताया गया है। कहा गया है कि असम की जनता ने विकास, स्थिरता और विश्वास पर मुहर लगाई है, जो राज्य को नई दिशा देने का संकेत है। वहीं पश्चिम बंगाल के चुनाव परिणामों को भी ऐतिहासिक करार देते हुए इसे राष्ट्रवाद, सुशासन और विकास के प्रति जनता के भरोसे की अभिव्यक्ति बताया गया है। इस मौके पर के सपनों के साकार होने की बात कही गई और बंगाल की जनता तथा पार्टी कार्यकर्ताओं के योगदान को सराहा गया। पार्टी नेतृत्व ने इस जीत के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री और संगठन से जुड़े सभी नेताओं के प्रयासों को अहम बताया। नेताओं का कहना है कि यह जनादेश सिर्फ एक चुनावी जीत नहीं, बल्कि विकास, शांति, सुरक्षा और समृद्धि के नए दौर की शुरुआत का संकेत है। साथ ही सभी कार्यकर्ताओं और समर्थकों को इस सफलता पर बधाई दी गई है। दूसरी तरफ,पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के नतीजों को लेकर राजनीतिक माहौल काफी गरम है। भारतीय जनता पार्टी की ओर से इसे ऐतिहासिक और वैचारिक जीत बताया जा रहा है। पार्टी नेताओं का कहना है कि यह जनादेश लंबे समय से चल रही राजनीतिक लड़ाई का परिणाम है।

# लाभुकों के जीवन प्रमाणीकरण के लिए चल रहा विशेष अभियान

बीएनएम @ गयाजी

**गयाजी**। डीएम शशांक शुभंकर के निर्देशन में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के अंतर्गत लाभुकों के जीवन प्रमाणीकरण हेतु विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। वर्तमान में जिले में 1,54,449 लगभग पेंशनधारियों का जीवन प्रमाणीकरण लंबित है, जिसके कारण पेंशन भुगतान प्रभावित हो रहा है। इसकी जानकारी देते हुए डीएम श्री शुभंकर ने बताया कि दिनांक 30.04.2026 से 30.05.2026 तक जिले के सभी प्रखंडों एवं नगर निकायों में पंचायत/वार्ड स्तर पर विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों के माध्यम से कॉमन सर्विस सेंटर के जरिए पेंशनधारियों का निःशुल्क जीवन प्रमाणीकरण सुनिश्चित किया जाएगा। विभिन्न पंचायतों में शिविर की जिम्मेदारी संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी की होगी शिविरों में जीवन प्रमाणीकरण की प्रक्रिया पूर्णतः निःशुल्क होगी तथा जिन पेंशनधारियों का प्रमाणीकरण बायोमेट्रिक (फिंगरप्रिंट/आइरिस) के माध्यम से संभव नहीं हो पाता है, उनके लिए भौतिक सत्यापन की वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। भीषण गर्मी को दृष्टिगत रखते हुए शिविरों का आयोजन पंचायत सरकार भवन अथवा अन्य सरकारी भवनों में किया जाएगा, जहाँ पंखा, पेयजल सहित आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएंगी।उन्होंने आगे बताया कि शिविर के दौरान चिन्हित मृत पेंशनधारियों का विवरण ई-लाभार्थी पोर्टल पर 'Death Mark' किया जाएगा, ताकि अनावश्यक भुगतान पर रोक लगाई जा सके। किसी भी प्रकार की सहायता हेतु पेंशनधारी राज्य स्तरीय हेल्पडेस्क के टोल-फ्री नंबर 1800-345-62-62 पर (सोमवार से शनिवार, प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे तक) संपर्क कर सकते हैं।जिला प्रशासन, गया जी के द्वारा सभी संबंधित पेंशनधारियों से अपील की जाती है कि वे अपने निकटतम शिविर में उपस्थित होकर अनिवार्य रूप से अपना जीवन प्रमाणीकरण कराएं, ताकि पेंशन राशि का भुगतान निर्बाध रूप से जारी रह सके। उक्त कार्य की नियमित निगरानी संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी एवं प्रखंड स्तरीय वरीय प्रभारी पदाधिकारियों द्वारा की जाएगी।

# नगर परिषद ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

दुकानदारों से वसूला 30 हजार जुर्माना

बीएनएम @ शेखपुरा

**शेखपुरा**. शहर में नगर परिषद द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया. यह अभियान दल्लु चौक से लेकर चाँदनी चौक तक चलाया गया, जिसमें सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण को हटाया गया. अभियान के दौरान अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों एवं लोगों से 3000 रुपये तक का जुर्माना भी वसूला गया. नगर परिषद की टीम ने लोगों को दोबारा अतिक्रमण नहीं करने की चेतावनी दी और सड़क को खाली रखने की अपील की. इस अभियान में नगर परिषद पदाधिकारी विनय कुमार, रंजीत कुमार, कैश खान, आशुतोष कुमार सहित कई अधिकारी मौजूद रहे. नगर परिषद के अधिकारी द्वारा बताया गया कि शहर में



यातायात व्यवस्था सुचारू रखने एवं आम लोगों को सुविधा देने के लिए आगे भी इस तरह का अभियान जारी रहेगा. इस अभियान में यातायात पुलिस ने भी अपनी सहभागिता निभाई.

# सीपीआई जिला सचिव प्रभात पांडेय पर फिर जानलेवा हमला



» देर रात शादी समारोह से लौट रहे थे तभी अपराधियों ने कर दी गोलिबारी

बीएनएम @ शेखपुरा

**शेखपुरा**. जिले में अपराधियों का मनोबल एक बार फिर बढ़ गया है. इसका उदाहरण देर रात देखने को मिला है. दरसल देर रात एक शादी समारोह से अपने निजी वाहन से लौटने के दौरान सीपीआई के नेता प्रभात पांडेय पर अपराधियों ने फायरिंग शुरू कर दिया. इस घटना में नेता बाल-बाल बच गए. हालाँकि घटना की सूचना मिलते ही अरियरी थाना की पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और वाहन को थाना पर ले गई. इस दौरान देखा गया की उनकी वाहन पर गोलियों का निशान है. प्रभात पांडेय ने बताया की यह घटना देर रात करीब 9:30 बजे घटित हुई है जब वे एक शादी समारोह से लौट रहे थे और अपने घर की ओर जा रहे थे. लेकिन तभी बाइक सवार हथियारबंद बदमाशों ने उनके वाहन पर हमला कर दिया. सीपीआई नेता ने कहा की इससे पूर्व भी कई वार उनके ऊपर हमला हुआ है और कार्रवाई में अपराधी जेल भी भेजे गए हैं. अब देखना यह लाजमी होगा की इस घटना के बाद पुलिस क्या कार्रवाई करती है

# परशुराम चौक पर नव-निर्मित बोर्ड तोड़ने से लोगों में आक्रोश

बीएनएम @ सीतामढ़ी

**सीतामढ़ी** :- बररी बेहटा स्थित परशुराम चौक पर लगाए गए नव-निर्मित बोर्ड को बीती रात कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़ दिए जाने की सूचना सामने आई है। घटना के बाद स्थानीय लोगों और सामाजिक कार्यकर्ताओं में नाराजगी देखी जा रही है।बताया जा रहा है कि इससे पहले झझीहट जीरो माइल पर भी इसी तरह की घटना हुई थी, और अब दोबारा बेहटा में ऐसी हरकत होने से लोगों में चिंता बढ़ गई है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह क्षेत्र की सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश हो सकती है।इधर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने तत्परता दिखाते हुए टूटे हुए बोर्ड को दोबारा स्थापित कर दिया है। कार्यकर्ताओं ने घटना की निंदा करते हुए प्रशासन से दोषियों की पहचान




कर सख्त कार्रवाई की मांग की है।स्थानीय लोगों ने कहा कि सार्वजनिक स्थलों और धार्मिक-सामाजिक प्रतीकों को नुकसान पहुंचाना गलत है। प्रशासन को ऐसे मामलों को गंभीरता से लेते हुए दोषियों पर कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं दोबारा न हों।

# डीडीसी ने सहयोग शिविर की सफलता के लिए दिये निर्देश



बीएनएम @ बेतिया

**बेतिया** : सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने और आम जनता की समस्याओं के त्वरित निष्पादन के उद्देश्य से चनपटिया प्रखंड में आगामी सहयोग शिविर के आयोजन की तैयारियां जोरों पर हैं। आज प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में उप विकास आयुक्त काजले वैभव नितिन ने सभी पंचायत स्तरीय कर्मियों एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की।बैठक को संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त ने कहा कि सहयोग शिविर का मुख्य लक्ष्य प्रशासन और जनता के बीच की दूरी को कम करना है। इस शिविर के माध्यम से विभिन्न विभागों जैसे-राजस्व, पेंशन, आवास योजना, और राशन कार्ड से जुड़ी समस्याओं का एक ही छत के नीचे निपटारा किया जाना सुनिश्चित किया जाएगा।उन्होंने बैठक में मौजूद पंचायत सचिवों, राजस्व कर्मचारियों, आवास सहायकों और अन्य कर्मियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक पंचायत के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों तक शिविर की तिथि और लाभों की जानकारी पहुंचाई जाए ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी सहित प्रखंड के सभी प्रमुख विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# सीतामढ़ी में पेट्रोल संकट गहराया, पंपों पर लंबी कतारें



बीएनएम @ सीतामढ़ी

**सीतामढ़ीः** जिला अंतर्गत कई पेट्रोल पंपों पर तेल की कमी से लोग परेशान हैं। जिले के विभिन्न इलाकों में पेट्रोल और डीजल की किल्लत के कारण वाहन चालकों की लंबी कतारें देखने को मिल रही हैं। लोग घंटों लाइन में लगकर अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं।सीतामढ़ी शहर स्थित हनुमान मंदिर के पास मौजूद पेट्रोल पंप पर भी हालात गंभीर बने हुए हैं। यहां पेट्रोल उपलब्ध तो है, लेकिन काफी मशक्कत और लंबी प्रतीक्षा के बाद लोगों को ईंधन मिल पा रहा है। भारी भीड़ के कारण पंप परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बना हुआ है।स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर जल्द आपूर्ति सामान्य नहीं हुई, तो रोजमर्रा के कामकाज, बाजार व्यवस्था और यातायात पर बड़ा असर पड़ सकता है। प्रशासन से जल्द समाधान की मांग की जा रही है।

# धर्मशाला भवन निर्माण कार्य का अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने किया निरीक्षण

बीएनएम @ गयाजी

**गयाजी**। बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने गयाजी टाउन क्षेत्र अंतर्गत चांदचौरा,संक्रामक अस्पताल के निकट निर्माणाधीन गयाजी धर्मशाला भवन का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति, गुणवत्ता एवं निर्धारित समय-सीमा के अनुपालन की विस्तृत समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि गया, जिसे आस्था की नगरी के रूप में जाना जाता है, देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं, विशेषकर पितृपक्ष मेला के दौरान लाखों आगंतुकों का केंद्र है। ऐसे में श्रद्धालुओं के ठहरने हेतु समुचित एवं आधुनिक सुविधाओं से युक्त धर्मशाला का निर्माण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि बिहार सरकार द्वारा स्वीकृत इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत लगभग 12015.85 लाख की लागत से गयाजी धर्मशाला भवन का निर्माण कराया जा रहा है, जिसका कार्य 07 मई 2025 से प्रारंभ होकर 06 मई



2027 तक पूर्ण किया जाना निर्धारित है।निरीक्षण के क्रम में अधिकारियों ने बताया कि धर्मशाला परिसर लगभग 4.38 एकड़ क्षेत्र में विकसित किया जा रहा है, जिसमें लगभग 1080 श्रद्धालुओं के ठहरने की व्यवस्था होगी। भवन (G+5) में ग्राउंड फ्लोर पर कार, मोटरसाइकिल एवं बस पार्किंग की सुविधा उपलब्ध होगी। प्रथम तल पर 5-बेड एवं 3-बेड डॉरमेट्री की व्यवस्था की जा रही है, जबकि द्वितीय से पंचम तल तक प्रत्येक तल पर 2-बेड गेस्ट रूम, 5-बेड एवं 3-बेड डॉरमेट्री का प्रावधान किया गया है।इसके अतिरिक्त परिसर में कर्मचारियों एवं चालकों के लिए पृथक व्यवस्था, भोजन कक्ष, स्वच्छ शौचालय, लिफ्ट, आधुनिक HVAC सिस्टम, एसटीपी तथा सोलर ऊर्जा जैसी सुविधाएं भी विकसित की जा रही हैं।अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न किया जाए तथा इसे निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि यह धर्मशाला भवन पितृपक्ष मेला के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं के लिए एक महत्वपूर्ण सुविधा साबित होगा तथा गया में पर्यटन एवं धार्मिक आधारभूत संरचना को नई दिशा देगा।वहीं मौके पर महेश लाल गुप्त,प्रेम सागर,मुन्ना पाठक,राजनन्दन गांधी,धीरू,अमित लोहानी, दीपक दीपू,गौतम गोस्वामी,मोहन राय,पार्षद राजीव सिन्हा,गौतम कुमार,भोला कुमार,अमित कुमार,पुल निर्माण निगम सहायक अभियंता आकाशदीप सहित अन्य मौजूद रहे।

# अपराधों से क्यों आंख मूंदे हुई हैं?

विदेश में ऊंची तनख्वाह और चमकदार करियर का झांसा देकर मोटी रकम वसूलने वाले ऐसे अनेक गिरोह सक्रिय हैं, जो बाहर लेकर युवाओं को मुसीबत में छोड़ देते हैं। केंद्र और राज्य सरकारें ऐसे अपराध से क्यों आंख मूंदे हुई हैं? सुप्रीम कोर्ट की ये टिप्पणी उचित है कि कई भारतीयों को नौकरी या पढ़ाई का लालच देकर रूस ले जाने के बाद यूक्रेन युद्ध में लगा देने की घटनाएं मानव तस्करी मानी जाएंगी। इस रूप में रूस जाकर फंसे 26 व्यक्तियों की तरफ से दायर याचिका को सुनवाई के लिए स्वीकार करते हुए तीन जजों की खंडपीठ ने केंद्र से इस बारे में रिपोर्ट मांगी है। याचिका में यह मार्मिक उल्लेख है कि रूस में फंसे ये लोग अपनी इच्छा के खिलाफ एक अन्य देश की लड़ाई लड़ रहे हैं, जिसमें उनकी मौत हो भी सकती है। ये मामला खासा पुराना हो चुका है। केंद्र ने कई बार उन लोगों को वापस लाने का भरोसा दिया, लेकिन असल में कुछ नहीं हुआ।

यह भारत की दुर्दशा की एक मिसाल है। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि ऐसी मिसालों की कोई कमी नहीं है। कुछ समय पहले ऐसी आईं खबरें आईं कि भारतीय युवाओं को आईटी या कॉल सेंटर नौकरी का झांसा देकर दक्षिण-पूर्व एशिया (खासकर म्यांमार, कंबोडिया, लाओस) ले जाया गया और उन्हें ऑनलाइन साइबर अपराध करने के लिए मजबूर किया गया। ऐसे तमाम मामलों में बाहर ले जाने के बाद नौजवानों के पासपोर्ट छीन लिए जाते हैं और उन्हें कैद जैसे हाल में रखा जाता है। खाड़ी देशों में ऐसी घटनाएं बड़ी संख्या में होती रही हैं। विदेश में ऊंची तनख्वाह और चमकदार करियर का झांसा देकर मोटी रकम वसूलने वाले ऐसे अनेक गिरोह सक्रिय हैं, जो बाहर ले जाने के बाद युवाओं को मुसीबत में छोड़ देते हैं। पिछले साल सिर्फ हरियाणा में ऐसी 33 शिकायतें दर्ज हुईं। सर्वोच्च न्यायालय की ताजा परिभाषा के मुताबिक ऐसे तमाम मामले मानव तस्करी के दायरे में आएंगे, जो एक गंभीर अपराध है। मुद्दा है कि केंद्र और राज्य सरकारें ऐसे अपराधों से क्यों आंख मूंदे हुई हैं? उन्हें अपने नौजवानों की चिंता क्यों नहीं है, जो देश में अवसरहीनता से मजबूर होकर विदेशों रोजी-रोटी तलाशने के लिए मजबूर होकर मानव तस्करों के हाथ में पड़ जाते हैं? सुप्रीम कोर्ट ने अब उचित हस्तक्षेप किया है, मगर उससे सूरत बदलने की आशा न्यूनतम ही है।

# दिव्यांगों के लिए सहायक उपकरणों की क्वालिटी में लापरवाही अब भारी पड़ेगी

**एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी**

- भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) द्वारा 1 मई 2026 से नए गुणवत्ता मानक जारी- समग्र व्यापक विश्लेषण दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिक अधिकारों का विस्तार- समानता से सुलभता तकः भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14, 21 और 41 के आलोक में नए गुणवत्ता मानक जारी भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) द्वारा बुजुर्गों और दिव्यांगों के लिए सहायक उपकरणों, विशेषकर वॉकिंग स्टिक्स, बैसाखियों, व्हीलचेयर रैंप और ब्रेल साइनेज के लिए नए गुणवत्ता मानक जारी करना सराहनीय वैश्विक स्तरपर भारत आज एक ऐसे जनसांख्यिकीय संक्रमण (डेमोग्राफ़िकट्रांसिशन) के दौर से गुजर रहा है, जहाँ एक ओर युवा आबादी उसकी आर्थिक शक्ति का आधार बनी हुई है, वहीं दूसरी ओर बुजुर्गों और दिव्यांगजनों की संख्या में तेजी से वृद्धि एक नईसामाजिक आर्थिक और नीतिगत चुनौती के रूप में उभर रही है।चिकित्सा विज्ञान की प्रगति,जीवन प्रत्याशा में वृद्धि, और बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के कारण लोगों की औसत आयु बढ़ी है,जिससे वृद्धजन आबादी काअनुपात लगातार बढ़ रहा है। इसके साथ ही,सड़क दुर्घटनाओं औद्योगिक हादसों,जन्मजात विकृतियों तथा विभिन्न रोगों के कारण दिव्यांगजनों की संख्या भी उल्लेखनीय रूप से सामने आ रही है। ऐसे परिदृश्य में किसी भी आधुनिक और संवेदनशील राष्ट्र की जिम्मेदारी केवल आर्थिक विकास तक सीमित नहीं रहती,बल्कि वह अपने समाज के सबसे कमजोर, निर्भर और विशेष आवश्यकता वाले वर्गों के लिए भी समावेशी (इंक्लूसिव ) और सुलभ (एक्सेसिबल) व्यवस्था सुनिश्चित करने की दिशा में ठोस कदम उठाता है।भारत सरकार ने इसी सोच के तहत विकलांग शब्द को बदलकर दिव्यांग शब्द को अपनाया है, जो केवल भाषाई परिवर्तन नहीं बल्कि एक मानसिकता परिवर्तन का संकेत है। यह बदलाव इस विचार को दर्शाता है कि दिव्यांगजन किसी कमी के प्रतीक नहीं,बल्कि विशेष क्षमताओं वाले व्यक्ति हैं जिन्हें उचित संसाधन,अवसर और अनुकूल वातावरण प्रदान किया जाए तो वे समाज में समान रूप से योगदान दे सकते हैं। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं क़ि इसी व्यापक दृष्टिकोण का विस्तार 1 मई 2026 को तब देखने को मिला जब भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस ) ने बुजुर्गों और दिव्यांगों के लिए सहायक उपकरणों,विशेषकर वॉकिंग स्टिक्स, बैसाखियों, व्हीलचेयर रैंप और ब्रेल साइनेज के लिए नए गुणवत्ता मानक जारी किए। यह पहल न केवल भारत के भीतर जीवन की गुणवत्ता सुधारने का प्रयास है, बल्कि इसे वैश्विक मानकों के अनुरूप बनाने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।इन नए मानकों का आधार भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर ) द्वारा राष्ट्रीय आवश्यक सहायक उत्पाद सूचि (एनएलईएपी) तैयार की गई तैयार की गई है।यह सूची विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ )की उसअवधारणा से प्रेरित है, जिसमें सहायक उपकरणों को स्वास्थ्य सेवा का अनिवार्य हिस्सा माना गया है। एनएलईएपी का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि दिव्यांग और बुजुर्गजन केवल उपकरणों की उपलब्धता तक सीमित न रहें,बल्कि उन्हें सुरक्षित, टिकाऊ उपयोग में आसान और अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता के अनुरूप उपकरण प्राप्त हों। इस पहल के तहत तैयार किए गए मानकों में सुरक्षा, एर्गोनॉमिक्स (मानव शरीर के अनुरूप डिजाइन), टिकाऊपन,और उपयोगकर्ता की सुविधा को विशेष प्राथमिकता दी गई है। साथियों बात अगर हम सबसे पहले यदि वॉकिंग स्टिक (छड़ी) के मानकों की बात करें तों, तो बीआईएस ने इसके लिए दो प्रमुख मानक निर्धारित किए हैं आईएस 5145: 2026 और IS 18558 (भाग 4):2025 आईएस 5145: 2026 एक व्यापक भारतीय मानक है, जिसमें लकड़ी,बांस, एल्युमिनियम, प्लास्टिक और रबर जैसे विभिन्न सामग्रियों से बनी छड़ियों के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए हैं। इसमें छड़ी की लंबाई, वजन, मजबूती पकड़ (ग्रिप),सतह कीफिनिशिंग और उसकी स्थायित्व जैसे पहलुओं को विस्तार से परिभाषित किया गया है। यह सुनिश्चित करता है कि उपयोगकर्ता को संतुलन बनाए रखने में अधिकतम सहायता मिले और गिरने जैसी दुर्घटनाओं की संभावना कम हो।दूसरी ओर, आईएस 18558 (भाग 4): 2025, जो कि आईएसओ 11334-4 के अनुरूप है, विशेष रूप से तीन या अधिक पैरों वाली वॉकिंग स्टिक्स के लिए तैयार किया गया है। यह उन लोगों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है जिन्हें अतिरिक्त स्थिरता की आवश्यकता होती है, जैसे कि अत्यधिक बुजुर्ग या गंभीर रूप से दिव्यांग व्यक्ति। इस मानक में हैंडल की डिजाइन रबर टिप की गुणवत्ता,और छड़ी के समग्र प्रदर्शन को लेकर सख्त परीक्षण मानदंड निर्धारित किए गए हैं, ताकि उपयोगकर्ता को सटीक रूप से अधिकतम सुरक्षा मिल सके।

साथियों बात अगर हम इसी प्रकार एल्बो क्रच (कोहनी वाली बैसाखियों) के लिए उपकरण को समझने की करें तो आईएस 18558 (भाग 1): 2025 मानक जारीकिया गया है, जो आईएसओ 11334-1 के अनुरूप है। इसमें बैसाखियों की ऊंचाई समायोजन क्षमता, हैंडग्रिप की गुणवत्ता, और उपयोगकर्ता के शरीर पर पड़ने वाले दबाव को कम करने के उपायों को ध्यान में रखा गया है। यह न केवल उपयोग में आरामदायक बनाता है बल्कि लंबे समय तक उपयोग करने पर भी शरीर पर दुष्प्रभाव को कम करता है।इन तकनीकी मानकों का महत्व केवल उत्पाद की गुणवत्ता तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सुलभता के व्यापक दृष्टिकोण से भी जुड़ा हुआ है। उदाहरण के लिए, आईएस 19189: 2025 मानक टैक्टाइल (स्पर्शनीय) गाइड मैप के डिजाइन और उपयोग से संबंधित है। यह दृष्टिबाधित और कम दृष्टि वाले व्यक्तियों को सार्वजनिक स्थानों—जैसे रेलवे स्टेशन, हवाई अड्डे, पार्क और सरकारी भवन में स्वतंत्र रूप से नेविगेट करने में मदद करता है। इस मानक के तहत यह सुनिश्चित किया गया है कि नक्शों में उपयोग किए गए उभार, टेक्सचर और संकेत इतने स्पष्ट हों कि उन्हें स्पर्श द्वारा आसानी से समझा जा सके। साथियों बात अगर हम इसी क्रम में आईएस 19190: 2025, जो आईएसओ 17049 के अनुरूप है इसको समझने की करें तो, ब्रेल साइनेज के लिए दिशा-निर्देश प्रदान करता है। इसमें ब्रेल अक्षरों के आकार,दूरी,सामग्री और उनके स्थान निर्धारण के मानदंड तय किए गए हैं। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि दृष्टिबाधित व्यक्ति किसी भी सार्वजनिक या व्यावसायिक स्थान पर बिना किसी सहायता के आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकें। यह पहल समान अवसर के सिद्धांत को व्यवहारिक रूप में लागू करने का एक बहुत ही सशक्त उदाहरण है। साथियों बात अगर हम व्हीलचेयर उपयोगकर्ताओं और अन्य गतिशीलता सहायता की आवश्यकता वाले लोगों की जरूरत को समझने की करें तो उनके लिए आईएस19631 : 2026 मानक विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। यह एक स्वदेशी मानक है, जो पोर्टेबल व्हीलचेयर रैंप के डिजाइन और निर्माण से संबंधित है। यह मानक केवल व्हीलचेयर उपयोगकर्ताओं तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें बुजुर्ग, छोटे बच्चे, स्ट्रोलर या कार्ट उपयोग करने वाले लोग भी शामिल हैं।इस मानक के तहत रैंप की ढलान सतह की पकड़, वजन सहन क्षमता,और पोर्टेबिलिटी जैसे पहलुओं को विस्तार से निर्धारित किया गया है। इसका उद्देश्य घरों, कार्यालयों और सार्वजनिक स्थानों को अधिक समावेशी बनाना है। साथियों इन सभी मानकों के निर्माण में एक बहु- हितधारक दृष्टिकोण अपनाया गया है।

बीआईएस की तकनीकी समिति में उद्योग जगत, शिक्षाविदों, सरकारी संस्थानों और सामाजिक संगठनों के विशेषज्ञ शामिल रहे हैं। विशेष रूप से भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति जैसे संगठनों की भागीदारी इस प्रक्रिया को और अधिक व्यावहारिक और जमीनी बनाती है, क्योंकि ये संगठन सीधे तौर पर दिव्यांगजनों के साथ काम करते हैं और उनकी वास्तविक आवश्यकताओं को सटीक रूप से समझते हैं।यह पहल सुगम्य भारत अभियान को भी नई मजबूती प्रदान करती है, जिसका उद्देश्य देशभर में सार्वजनिक स्थानों, परिवहन प्रणालियों और सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी को दिव्यांगजनों के लिए सुलभ बनाना है। पिछले कुछ वर्षों में इस अभियान के तहत रेलवे स्टेशनों, सरकारी कार्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों में कई सुधार किए गए हैं, लेकिन अब इन नए मानकों के लागू होने से सुलभता का स्तर और अधिक उन्नत हो सकेगा।

साथियों बात अगर हम इन मानकों को आर्थिक दृष्टि से से देखे तो भी यह पहल अत्यंत महत्वपूर्ण है। सहायक प्रौद्योगिकी का वैश्विक बाजार तेजी से बढ़ रहा है और इसमें भारत के लिए अपार संभावनाएं हैं। यदि भारतीय निर्माता इन मानकों का पालन करते हैं, तो वे उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों का उत्पादन कर सकते हैं, जिससे मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसी पहल को भी बल मिलेगा। इसके साथ ही, नवाचार को भी प्रोत्साहन मिलेगा, क्योंकि कंपनियां बेहतर और अधिक उपयोगकर्ता- अनुकूल उत्पाद विकसित करने के लिए प्रेरित होंगी।हालांकि, इन मानकों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कुछ चुनौतियां भी सामने आ सकती हैं। सबसे बड़ी चुनौती जागरूकता की कमी है कई छोटे और मध्यम उद्योग इन मानकों के बारे में पर्याप्त जानकारी नहीं रखते। इसके अलावा, मानकों के अनुपालन की लागत भी एक बाधा बन सकती है, विशेषकर उन निर्माताओं के लिए जो सीमित संसाधनों के साथ काम करते हैं। इसके समाधान के लिए सरकार को प्रशिक्षण कार्यक्रम, वित्तीय सहायता और तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान करना होगा।दूसरी ओर, उपभोक्ताओं के स्तर पर भी जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है।यदिउपयोगकर्ता स्वयं उच्च गुणवत्ता वाले और प्रमाणित उत्पादों की मांग करेंगे, तो बाजार स्वतः ही मानकों के अनुरूप ढल जाएगा। (-संकलनकर्ता लेखक - क़र विशेषज्ञ स्तंभकार साहित्यकार अंतरराष्ट्रीय लेखक चिंतक कवि संगीत माध्यमा सीए(एटीसी)

# भारत में बढ़ती हृदय रोग महामारी और उससे बचाव के प्रभावी उपाय
## बदलती जीवनशैली और युवाओं में तेजी से बढ़ता दिल का खतरा

**कांतिलाल मांडोत**

भारत में स्वास्थ्य से जुड़ी हालिया तस्वीर चिंताजनक होती जा रही है। राष्ट्रीय सांख्यिकी संगठन के ताजा सर्वे ने यह स्पष्ट कर दिया है कि हृदय रोग अब केवल बुजुर्गों तक सीमित समस्या नहीं रह गया है बल्कि यह तेजी से युवाओं को भी अपनी चपेट में ले रहा है। पिछले सात वर्षों में दिल के मरीजों की संख्या लगभग तीन गुना बढ़ जाना किसी साधारण बदलाव का संकेत नहीं बल्कि एक गंभीर स्वास्थ्य संकट की ओर इशारा करता है। सबसे अधिक चिंता की बात यह है कि 15 से 29 वर्ष की आयु के युवा भी अब इस बीमारी से प्रभावित हो रहे हैं जो पहले अपेक्षाकृत सुरक्षित माने जाते थे। यह बदलाव केवल चिकित्सा आंकड़ों तक सीमित नहीं है बल्कि समाज की बदलती जीवनशैली का सीधा परिणाम है। आज का युवा पहले की तुलना में अधिक तनावग्रस्त है। पढ़ाई का दबाव, करियर की अनिश्चितता, डिजिटल जीवनशैली और शारीरिक गतिविधियों में कमी ने शरीर को कमजोर बना दिया है। इसके साथ ही जंक फूड का बढ़ता चलन, देर रात तक जागना और नींद की कमी भी हृदय रोग के जोखिम को बढ़ा रही है। शहरी क्षेत्रों में यह समस्या और अधिक गंभीर दिखाई देती है। वहां की तेज रफ्तार जिंदगी में लोग अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता नहीं दे पाते। लंबे समय तक बैठकर काम करना, व्यायाम की कमी और प्रदूषण भी दिल की बीमारियों को बढ़ाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। पुरुषों में यह समस्या अधिक देखी जा रही है लेकिन महिलाओं में भी बीमार होने की दर अधिक होने के कारण खतरा कम नहीं है। हृदय रोग का इलाज अन्य बीमारियों की तुलना में काफी महंगा है। शहरों में इसका खर्च इतना अधिक है कि सामान्य परिवार के लिए इसे वहन करना कठिन हो सकता है। हालांकि सरकारी बीमा योजनाओं का विस्तार एक सकारात्मक कदम है लेकिन केवल इलाज पर निर्भर रहना समाधान नहीं हो सकता। असली जरूरत इस बीमारी को रोकने की है।



दिल की बीमारियों के बढ़ने के पीछे सबसे बड़ा कारण जीवनशैली में असंतुलन है। आज के समय में लोग प्राकृतिक जीवन से दूर होते जा रहे हैं। पहले जहां लोग अधिक चलते थे, खेतों में काम करते थे या शारीरिक श्रम करते थे वहीं आज अधिकांश काम मशीनों और कंप्यूटर के जरिए हो रहा है। इससे शरीर की सक्रियता कम हो गई है और मोटापा तेजी से बढ़ रहा है जो हृदय रोग का प्रमुख कारण है।

तनाव भी एक महत्वपूर्ण कारक बन चुका है। मानसिक दबाव सीधे दिल पर असर डालता है। लगातार चिंता में रहने से रक्तचाप बढ़ता है और धीरे धीरे यह स्थिति गंभीर हो जाती है। इसके अलावा धूम्रपान और शराब का सेवन भी दिल के लिए अत्यंत हानिकारक है। युवा वर्ग में इन आदतों का बढ़ता चलन स्थिति को और बिगाड़ रहा है। इस समस्या से बचने के लिए सबसे जरूरी है जागरूकता और जीवनशैली में सुधार। नियमित व्यायाम को जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। रोज कम से कम तीस मिनट तेज चलना, दौड़ना या योग करना दिल को स्वस्थ रखने में बेहद सहायक होता है। योग और प्राणायाम विशेष रूप से तनाव को कम करने में मदद करते हैं और हृदय की कार्यक्षमता को बेहतर बनाते हैं। खानपान में सुधार भी उतना ही आवश्यक है। तैलीय और जंक फूड से दूरी बनाकर संतुलित आहार लेना चाहिए। फल, हरी सब्जियां, साबुत अनाज और प्रोटीन युक्त भोजन दिल के लिए लाभकारी होते हैं। नमक और चीनी का सेवन सीमित रखना चाहिए क्योंकि ये दोनों ही रक्तचाप और मधुमेह को बढ़ाने में योगदान देते हैं।

नींद भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। पर्याप्त और अच्छी नींद लेने से शरीर को आराम मिलता है और हृदय स्वस्थ रहता है। लगातार नींद की कमी शरीर को कमजोर बनाती है और कई बीमारियों का कारण बनती है। इसलिए हर व्यक्ति को कम से कम सात से आठ घंटे की नींद जरूर लेनी चाहिए।नियमित स्वास्थ्य जांच भी अत्यंत जरूरी है। कई बार हृदय रोग के लक्षण शुरुआती अवस्था में स्पष्ट नहीं होते। समय पर जांच कराने से बीमारी का पता जल्दी चल सकता है और इसका इलाज आसान हो जाता है। विशेष रूप से जिन लोगों के परिवार में पहले से हृदय रोग का इतिहास है उन्हें अधिक सावधान रहने की आवश्यकता है। सरकार और समाज दोनों को मिलकर इस समस्या का समाधान निकालना होगा। स्कूलों और कॉलेजों में स्वास्थ्य शिक्षा को बढ़ावा देना चाहिए ताकि युवा शुरुआत से ही अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बन सकें। कार्यस्थलों पर भी कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए जिससे वे अपने व्यस्त जीवन में भी फिट रह सकें। डिजिटल युग में तकनीक का सही उपयोग भी मददगार हो सकता है। फिटनेस ऐप्स और स्मार्ट डिवाइस के जरिए लोग अपनी गतिविधियों और स्वास्थ्य पर नजर रख सकते हैं। इससे उन्हें अपने लक्ष्य को हासिल करने में प्रेरणा मिलती है। हृदय रोग केवल एक व्यक्ति की समस्या नहीं है बल्कि यह पूरे समाज को प्रभावित करता है। यदि समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया गया तो यह आने वाले वर्षों में और गंभीर रूप ले सकता है। इसलिए जरूरी है कि हर व्यक्ति अपनी जिम्मेदारी समझे और अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता दे।

यह कहा जा सकता है कि दिल की बीमारी से बचाव संभव है बशर्ते हम अपनी जीवनशैली में सही बदलाव करें। स्वस्थ खानपान, नियमित व्यायाम, तनाव से दूरी और समय पर जांच जैसे छोटे छोटे कदम हमें बड़ी समस्याओं से बचा सकते हैं। यह केवल व्यक्तिगत प्रयास नहीं बल्कि एक सामूहिक जिम्मेदारी है जो पूरे देश को स्वस्थ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।




**मेष राशि** : आज का दिन आपके लिए नए विचारों से भरा रहने वाला है। जो लोग शिक्षा के क्षेत्र में कॅरिअर बनाना चाहते है उन्हें सफलता अवश्य मिलेगी। आपके कार्यों में जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। आज आप में चुस्ती फुर्ती रहेगी, आपका स्वास्थ्य आज पूरी तरह से आपका साथ देगा। आज बिना किसी की मदद के भी आप धन कमाने में सक्षम होंगे, बस आपको खुद पर विश्वास करने की जरूरत है।

**वृष राशिः** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। पहले से चली आ रही समस्या आज सुलझ सकती है। आज आपका व्यापार अच्छा चलेगा। आज आप पुराने दोस्तों से मिलने की कोशिश करेंगे। आज आपके मदद की जरूरत के समय ऐसा व्यक्ति आपकी मदद करेगा जिसकी आपने कल्पना भी नहीं की होगी। घर में किसी महत्वपूर्ण व्यक्ति के आने से कुछ खास मुद्दे पर सकारात्मक विचार विमर्श होगा।

**मिथुन राशिः** आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। आज आपका दिन दोस्तों और परिवार के साथ बीतेगा। आपको बहुमूल्य काम पूर्ण की जिम्मेदारी मिल सकती है जिसे पूरा करने के लिए आप खूब मेहनत करेंगे आज आप किसी बचपन के मित्र से मिलने जाएंगे। जीवनसाथी के साथ रिश्ते में तालमेल बना रहेगा।

**कर्क राशिः** आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा हो सकता हैं। आज निजी जीवन में सकारात्मकता लाने की कोशिश करेंगे और इसके लिए आप किसी महापुरुष का अनुसरण करेंगे। आपकी ज्यादातर कार्य योजनाएं आज पूरी हो सकती है। आपके द्वारा किये गये काम के कारण आज समाज में आपको सम्मान मिल सकता है। आज किसी काम में आलस्य नहीं करेंगे तो आपका काम आसानी से व समय से पूरा हो जायेगा। आज किसी के साथ अपने मन की बात शेयर करेंगे।

**सिंह राशिः** आज का दिन आपके लिए दिन शुभ होने वाला है। जो भी नया काम करना है, आज उसे पूरा करने का निश्चय करेंगे। आज आप घर की जिम्मेदारियों को अच्छी तरह निभाएंगे और ऑफिस के भी कामकाज निपटाने में आप बहुत हद तक सफल रहेंगे। आज अपनी तरफ से हर मामले पर आपको सकारात्मक रहना होगा साथ ही अपने व्यवहार में धैर्य और विनम्रता बनाए रखें।

**कन्या राशिः** आज आपका दिन शानदार रहेगा। आपके रिश्तों में नई चेतना का संचार होगा। स्टूडेंट्स को करियर से रिलेटेड अच्छे मौके मिलेंगे। नये लक्ष्य को निर्धारित करने के लिए आज का दिन शुभ है। आज आप से कोई मदद मांग सकता है आप उन्हें निराश नहीं करेंगे। आज कारोबार में व्यस्तता और दौड़ भाग से कुछ राहत मिलेगी और नई गतिविधियों की तरफ आप ध्यान दे पाएंगे।

**तुला राशिः** आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आज शांति से कामकाज निपटाने की कोशिश करेंगे। आज पुरानी देनदारी भी निपटा सकते हैं। आज जीवनसाथी की भावनाओं को समझने में बहुत हद तक आपको सफलता मिलेगी। आज कार्य करते समय अपने व्यवहार में धैर्य और समझदारी बनाए रखें। आज परिवार के कामों में आपका पैसा लग सकता है।

**वृश्चिक राशिः** आज का दिन आपके लिए अच्छा होने वाला है। आपके धार्मिक आयोजन में भी शामिल होने के योग बन रहे हैं। आज दूसरों के साथ बातचीत या सलाह करने से फायदा हो सकता है। आज आप जरूरी काम और रिश्तों के बारे में विचार करेंगे और नई योजना बनाएंगे। आज आप दूसरों की जरूरतों और भावनाओं को लेकर सेंसिटिव हो सकते हैं।

**धनु राशिः** आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आपके शत्रु परास्त होंगे। अगर आप नया वाहन लेने का विचार कर रहे है तो परिवार वालों से आपको मदद मिल सकती है। काम के प्रति मेहनत देख कर आपके जूनियर आपसे सीखने की कोशिश करेंगे। बॉस आपकी कार्य योजना से प्रभावित होंगे।

**मकर राशिः** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। अपने से बड़े या किसी अनुभवी से सलाह लेकर ही आगे बढ़ने की कोशिश करेंगे। मेहनत, धैर्य और समझदारी से काम निपटा लेंगे। आपके पास बहुत-सी जिम्मेदारियां हो सकती हैं। धैर्य से काम लेंगे तो काम आसानी से पूरा हो जायेगा। आज का दिन आपके लिए दिन संतोषजनक साबित होगा। आज रोजगार में स्थितियां पहले से ठीक होने के योग है।

**कुंभ राशिः** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। अपना व्यवहार लचीला रखें और दूसरों की बातें समझने का मन बनाकर चलना आपके लिए फायदेमंद रहेगा। आज किसी बुजुर्ग की सलाह आपके लिए काफी उपयोगी साबित हो सकती है। रिश्तों के मामले में आज आपको पुरानी बातें भूल करके नई शुरुआत करना चाहिए।

**मीन राशिः** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज ट्रांसफर या प्रमोशन के लिए किसी से बात हो सकती है। इसमें आपको सफलता भी मिलेगी। आज आप अपने करियर को बेहतर बनाने के लिये किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह लेंगे। आज आज महत्वपूर्ण काम निपट सकते हैं। आज आपके सोच में सकारात्मक बदलाव आयेगा।

# 5 राज्यों में किसका होगा राजतिलक

**सौरभ वार्ष्णेय**

लोकतंत्र में चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन का माध्यम नहीं होते, बल्कि वे जनभावनाओं, अपेक्षाओं और राजनीतिक दिशा का स्पष्ट संकेत भी देते हैं। देश के पाँच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों को इसी दृष्टि से देखा जा रहा है। यह चुनाव न केवल क्षेत्रीय राजनीति का भविष्य तय करेंगे, बल्कि राष्ट्रीय राजनीति की धारा को भी प्रभावित करेंगे।

इन चुनावों में मुख्य मुकाबला सत्तारूढ़ दलों और विपक्षी गठबंधनों के बीच है। एक ओर जहाँ सत्ताधारी दल अपनी उपलब्धियों—विकास, कल्याणकारी योजनाओं और स्थिर शासन—को जनता के सामने रख रहे हैं, वहीं विपक्ष महंगाई, बेरोजगारी और सामाजिक असंतोष जैसे मुद्दों को लेकर सरकार को घेरने में जुटा है। ऐसे में मतदाता के सामने विकल्प स्पष्ट हैं, लेकिन निर्णय आसान नहीं।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इन चुनावों में स्थानीय मुद्दे निर्णायक भूमिका निभाएंगे। हर राज्य की अपनी सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियाँ हैं, जिनके आधार पर वोटिंग पैटर्न अलग-अलग हो सकता है। कहीं जातीय समीकरण हावी होंगे, तो कहीं विकास का मुद्दा केंद्र में रहेगा। यही कारण है कि एक ही राजनीतिक दल का प्रदर्शन सभी राज्यों में समान नहीं रहने की संभावना है।

इन चुनावों की एक और खासियत यह है कि क्षेत्रीय दलों की भूमिका काफी अहम हो गई है। कई राज्यों में वे किंगमेकर की स्थिति में हैं, जो यह तय कर सकते हैं कि सत्ता किसके हाथ में जाएगी। इससे गठबंधन राजनीति को भी नई मजबूती मिल सकती है।

हालाँकि, इन चुनावों का सबसे महत्वपूर्ण पहलू मतदाता की भूमिका है। लोकतंत्र की असली ताकत जनता के हाथ में होती है, और वही तय करती है कि किसे राजतिलक मिले और किसे विपक्ष में बैठना पड़े। इसलिए यह आवश्यक है कि मतदाता जाति, धर्म और भावनात्मक नारों से ऊपर उठकर विकास, सुशासन और पारदर्शिता के आधार पर अपना निर्णय लें।

पाँच राज्यों के ये चुनाव केवल सरकार बनाने का गणित नहीं हैं, बल्कि यह लोकतंत्र की परिपक्वता की परीक्षा भी हैं। परिणाम चाहे जो भी हों, यह स्पष्ट है कि जनता का संदेश ही सबसे बड़ा निर्णायक होगा—और वही तय करेगा कि किसके सिर सजेगा सत्ता का ताज।

एक्जिट पोल—हवा या हकीकत?



चुनावी लोकतंत्र में एक्जिट पोल अब सिर्फ आंकड़ों का खेल नहीं रह गए हैं, बल्कि वे जनमत की तत्काल झलक पेश करने का दावा करते हैं। जैसे ही मतदान समाप्त होता है, टीवी स्टूडियो से लेकर सोशल मीडिया तक, एक्जिट पोल के आंकड़े माहौल बना देते हैं—कहीं उत्साह, कहीं चिंता और कहीं संशय। ऐसे में बड़ा सवाल यही है कि क्या 5 राज्यों के ये एक्जिट पोल सच साबित होंगे या फिर एक बार फिर हवा साबित होंगे?सबसे पहले यह समझना जरूरी है कि एक्जिट पोल वैज्ञानिक पद्धति पर आधारित होते हुए भी पूर्ण सत्य नहीं होते। ये सीमित सैंपल, मतदाताओं की ईमानदारी और स्थानीय परिस्थितियों पर निर्भर करते हैं। भारत जैसे विविधतापूर्ण देश में, जहां हर राज्य की सामाजिक, जातीय और राजनीतिक संरचना अलग है, वहां एक समान सटीकता की उम्मीद करना अव्यावहारिक है।

पिछले चुनावों का इतिहास भी मिश्रित रहा है। कई बार एक्जिट पोल ने चौंकाने वाली सटीकता दिखाई है, तो कई बार वे पूरी तरह गलत साबित हुए हैं। खासकर राज्य चुनावों में, जहां स्थानीय मुद्दे, उम्मीदवार की छवि और क्षेत्रीय समीकरण निर्णायक भूमिका निभाते हैं, वहां एक्जिट पोल की सीमाएं और स्पष्ट हो जाती हैं।

इन 5 राज्यों के चुनावों में भी तस्वीर जटिल है। कहीं सत्ता विरोधी लहर की चर्चा है, तो कहीं सरकार की योजनाओं के प्रभाव की। जातीय समीकरण, क्षेत्रीय दलों की ताकत और राष्ट्रीय मुद्दों का प्रभाव—ये सभी कारक परिणामों को अप्रत्याशित बना सकते हैं। ऐसे में एक्जिट पोल का सीधा-सीधा परिणामों में बदल जाना आसान नहीं है।

मीडिया की भूमिका भी यहां महत्वपूर्ण हो जाती है। कई बार एक्जिट पोल को इस तरह प्रस्तुत किया जाता है मानो वही अंतिम परिणाम हों, जिससे जनमानस में भ्रम की स्थिति बनती है। इससे न सिर्फ मतदाताओं की धारणा प्रभावित होती है, बल्कि राजनीतिक दलों के भीतर भी अनावश्यक प्रतिक्रिया देखने को मिलती है। लोकतंत्र में अंतिम सत्य मतगणना के दिन ही सामने आता है। एक्जिट पोल संकेत दे सकते हैं, लेकिन फैसला नहीं सुना सकते। इसलिए इन आंकड़ों को उत्सुकता के साथ देखना ठीक है, पर उन्हें अंतिम सच मान लेना जल्दबाजी होगी। 5 राज्यों के चुनाव परिणाम यह तय करेंगे कि इस बार एक्जिट पोल ने हवा बनाई है या हकीकत दिखाई है। लेकिन एक बात तय है—भारतीय मतदाता अक्सर आखिरी क्षण में भी ऐसा निर्णय लेता है, जो सभी अनुमानों को चौंका देता है। यही लोकतंत्र की असली खूबसूरती है। (लेखक वरिष्ठ पत्रकार, चिंतक, राजनीतिक विचारक है)

प्रकाशक एवं स्वामी सागर सूरज, द्वारा सरोतर निवास, राजाबाजार-कचहरी रोड, मोतिहारी, बिहार-845401 से प्रकाशित व प्रकाश प्रेस मोतिहारी से मुद्रित, संपादक-सागर सूरज* फोन न.9470050309 प्रसारः-9931408109 ईमेलः-bordernewsmirror@gmail.com वेबसाइटः-bordernewsmirror.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) RNI. N. BIHBIL/2022/88070

# आईपीएल 2026 : अभिषेक शर्मा ने ऑरेंज कैप पर फिर जमाया कब्जा, पर्पल कैप रेस में तीसरे स्थान पर पहुंचे रबाडा

**एजेंसी, नई दिल्ली**



रविवार को खेले गए डबल-हेडर मुकाबलों के बाद इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में ऑरेंज और पर्पल कैप की रेस और रोमांचक हो गई है। इस दिन जहां सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) और पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) को क्रमशः कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और गुजरात टाइटंस (जीटी) के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा, वहीं व्यक्तिगत प्रदर्शन ने अंकतालिका में बड़ा उलटफेर कर दिया। ऑरेंज कैप की रेस में एक बार फिर अभिषेक शर्मा ने बाजी मार ली है। केकेआर के खिलाफ उन्होंने भले ही सिर्फ 15 रन बनाए, लेकिन इसके बावजूद वह कुल 440 रन के साथ शीर्ष स्थान पर पहुंच गए। उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के केएल राहुल (433 रन) को पीछे छोड़ दिया, जो अब दूसरे स्थान पर हैं। तीसरे स्थान पर हेनरिक क्लासेन (425 रन) बने हुए हैं, जिन्हें इस मुकाबले में बड़ा स्कोर करने का मौका नहीं मिला। चौथे नंबर पर राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के वैभव सूर्यवंशी (404 रन) हैं। इस सूची में नया नाम गुजरात टाइटंस के साई सुदर्शन का जुड़ा है, जिन्होंने 41 गेंदों में 57 रन की शानदार पारी खेलकर अपने कुल रन 385 तक पहुंचा दिए और टॉप-5 में एंट्री कर ली। इसके अलावा ईशान किशन ने 42 रन की पारी खेलकर 354 रन के साथ नौवें स्थान पर जगह बना ली है, जबकि ट्रेविस हेड ने 28 गेंदों में 61 रन बनाकर 12वें स्थान पर छलांग लगाई। गेंदबाजी में कगिसो रबाडा शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने पिछले छह मैचों में 12 विकेट झटके हैं और कुल 16 विकेट के साथ पर्पल कैप की रेस में तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। वह रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के भुवनेश्वर कुमार और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के अंशुल कंबोज से सिर्फ एक विकेट पीछे हैं, जो फिलहाल संयुक्त रूप से शीर्ष पर काबिज हैं। वहीं प्रसिद्ध कृष्णा इस मैच में नहीं खेले, ईशान मलिंगा को कोई विकेट नहीं मिला, जबकि राशिद खान सिर्फ एक विकेट ही ले सके।

## अश्विन बोले, महेन्द्र सिंह धोनी को अपनी गेंदबाजों पर रहता था पूरा भरोसा

**एजेंसी, चेन्नई**



पूर्व स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि जितना भरोसा उनको गेंदबाजों पर रहता था उतना किसी और में नहीं देखा है। अश्विन ने धोनी की कप्तानी कौशल के लिए नहीं, बल्कि उनकी विकेटकीपिंग और खेल के प्रति स्पष्ट सोच के लिए है। अश्विन ने स्पष्ट किया कि उन्हें स्पिनरों के सामने धोनी जैसी विकेटकीपिंग करते हुए किसी और को नहीं देखा है। अश्विन ने कहा कि लोग धोनी की शानदार कप्तानी की बहुत तारीफ करते हैं, और उनकी सफलता इस बात का प्रमाण है, लेकिन उनके लिए धोनी की दो विशेषताएं सबसे अलग हैं। पहली, एक मध्य क्रम के बल्लेबाज के रूप में उनकी क्षमता, जो खेल को आखिर तक ले जाकर अनुकूल परिणाम में बदल सकते थे। और दूसरी, स्पिन गेंदबाजों के सामने उनकी अद्भुत विकेटकीपिंग, जिसमें उन्हें कोई सानी नहीं।अश्विन ने धोनी के अपनी गेंदबाजों पर भरोसे को भी याद किया। उन्होंने बताया, धोनी ने कभी मेरे लिए फील्डिंग नहीं सजाई। मैं अपनी फील्डिंग स्वयं जमाता था। धोनी उन्हें बस एक सरल सलाह देते थेः दोहरा अनुमान मत लगाओ। पहले से कुछ मत सोचो। अगर तुम्हारी गेंद पर कोई बड़ा शॉट लगता है, तो कोई बात नहीं। अगर कोई जोखिम लेता है तो लेने दो। बस अपनी तय फील्डिंग के हिसाब से गेंदबाजी करो। इस बात से अश्विन को महसूस होता था कि धोनी को उन पर पूरा विश्वास था।

इस भरोसे और धोनी की सजगता का एक उदाहरण देते हुए अश्विन ने 2011 के आईपीएल फाइनल को याद किया, जब धोनी ने क्रिस गेल को शून्य पर आउट करने के लिए स्टंप के पीछे एक शानदार कैच लपका था। अश्विन के अनुसार, आप मैच की रणनीति और विकेट गिरने के बारे में बात कर सकते हैं, लेकिन धोनी ने जिस तरह से वह कैच पकड़ा, वह वास्तव में लाजवाब था।

## बाबर की पेशावार जल्मी ने हैदराबाद किंग्समेन को हराकर दूसरी बार पीएसएल खिताब जीता

**एजेंसी, लाहौर**



बाबर आजम की टीम पेशावर जल्मी ने यहां गद्दाफी स्टेडियम में खेले पीएसएल के फाइनल मुकाबले में हैदराबाद किंग्समेन को पांच विकेट से हराकर खिताब अपने नाम किया है। जल्मी टीम ने इसी के साथ ही दूसरी बार पीएसएल जीता है। साल 2017 में टीम ने पहली बार ट्रॉफी जीत थी। बाबर पहले भी दो बार पीएसएल विजेता टीम में रहे हैं पर कप्तान के तौर पर ये उनकी पहली जीत रही है। बाबर की टीम ने फाइनल में आरोन हार्डी की किंग्समेन को हरा दिया। किंग्समेन की टीम 18 ओवर में 129 रन ही बना पायी। साइम अयूब ने 54 रन बनाये पर उन्हें किसी का साथ नहीं मिला। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए पेशासर की टीम की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही। उसने 40 रन पर 4 विकेट खो दिये। आजम पहली ही गेंद पर आउट हो गये। इसके बाद मोहम्मद हारिस, कुसल मेंडिस और माइकल ब्रेसवेल के विकेट भी गिर गये। ऐसे में हार्डी ने तेजी से 39 गेंदों पर नाबाद 56 रन बनाए. उन्होंने अब्दुल समद 48 रन के साथ 85 रनों की साझेदारी कर टीम को 15.2 ओवर में ही जीत दिला दी। इस टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का अवार्ड सुफियान मुकीम (पेशावर ज़ल्मी) को मिला। सुफियान ने 22 विकेट लिए। वहीं सबसे ज्यादा रन के लिए (ऑरेंज कैप) बाबर आज़म को मिली। बाबर ने सबसे अधिक 588 रन बनाये। वहीं सबसे ज्यादा विकेट सुफियान मुकीम मुकीम (पेशावर ज़ल्मी) ने 22 विकेट लिए।

### बीसीसीआई अब आईपीएल में क्रिकेटरों की गर्लफ्रेंड्स के रहने को लेकर सख्त नियम बनाने जा रहा

**एजेंसी, मुम्बई**। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) अब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खिलाड़ियों की गर्लफ्रेंड्स के रहने को लेकर सख्त नियम बनाने जा रहा है। बीसीसीआई ये कदम मुख्य रूप से भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों को रोकने, खिलाड़ियों की आचार संहिता को बनाए रखने और उनकी छवि को देखते हुए उठा रहा है। जहां भारतीय टीम के विदेशी दौरों के दौरान खिलाड़ियों की पत्नियों और परिवार के सदस्यों के साथ रहने को लेकर पिछले साल बोर्ड ने सख्त नियम बनये थे, वहीं आईपीएल में इस प्रकार के कोई नियम नहीं है जिसका लाभ खिलाड़ी उठा रहे हैं। आईपीएल में खिलाड़ियों की यात्रा और ठहरने की व्यवस्था की जिम्मेदारी आमतौर पर टीम मालिकों की होती है पर बोर्ड के पास इसमें हस्तक्षेप के अधिकार हैं। पिछले कुछ सत्र में कई खिलाड़ी अपनी गर्लफ्रेंड्स के साथ यात्रा करते और होटलों में रुकते देखे गए हैं, जिससे बोर्ड नाराज हैं। बीसीसीआई इसलिए भी परेशान है क्योंकि कुछ खिलाड़ियों की गर्लफ्रेंड्स पर बेटिंग ऐप्स के लिए काम करने का संदेश है। यह भ्रष्टाचार रोधी नियमों के उल्लंघन के साथ ही खेल की अखंडता के लिए खतरा है। इसके अतिरिक्त, कई युवा भारतीय क्रिकेट खिलाड़ियों की गर्लफ्रेंड्स सोशल मीडिया पर इन्फ्लुएंसर हैं और अपने पेज पर विभिन्न प्रोडक्ट्स, जिनमें बेटिंग ऐप्स और शराब ब्रांड्स भी शामिल हैं, का प्रचार करती हैं। ऐसे ब्रांड्स का प्रचार बीसीसीआई के नियमों के खिलाफ है और इससे गलत संदेश जाता है।

## टी20 में सबसे धीमे शतक का रिकार्ड है स्टर्लिंग के नाम

**एजेंसी, मुम्बई**



टी20 क्रिकेट में जहां बल्लेबाज तेजी से शतक पूरा करने के लिए जमकर चौक, छक्के लगाते हैं और लोगों को आतिशी खेल देखने को मिलता है। वहीं आयरलैंड के सलामी बल्लेबाज पॉल स्टर्लिंग इसके अपवाद है। स्टर्लिंग के नाम इस प्रारुप में सबसे धीमा शतक है। उन्होंने ये शतक साल 2021 में बनाया था जिसने प्रशंसकों को हैरानी में डाल दिया था हालांकि इसके बाद भी। उन्होंने जिम्बाब्वे के टी20 इतिहास का सबसे धीमा शतक लगाकर आयरलैंड को 40 रनों की जीत दिलाई थी।

स्टर्लिंग ने अपने शतक तक पहुँचने के लिए 70 गेंदों को खेला था। उन्होंने कुल 75 गेंदों में 115 रनों की अहम पारी खेली, जिसमें 8 चौके और इतने ही शानदार छक्के शामिल थे। यह रिकॉर्ड आज भी बना हुआ है और शायद भविष्य में कोई बल्लेबाज इसे तोड़ना पसंद न करे, क्योंकि टी20 क्रिकेट हमेशा तेजी पर टिका है। स्टर्लिंग की इस पारी ने ये जरुर साबित किया है कि धीमी बल्लेबाजी से भी जीत संभव है। स्टर्लिंग की इस धीमी पारी से आयरलैंड की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 178 रन बनाये। स्टर्लिंग को एंडी बालबर्नी का अच्छा साथ मिला, जिन्होंने 24 गेंदों में 31 रन की पारी खेली। शेन गेटकेट ने 19 और केविन ओब्रायन ने 9 रन बनाये जिससे टीम एक मजबूत स्थिति में पहुँच सकी।

# बिजनेस

## दो कंपनियों के शेयरों का लॉक-इन पीरियड खत्म, इस सप्ताह चार और कंपनियों का लॉक-इन खत्म होगा

**एजेंसी, नई दिल्ली**




घरेलू शेयर बाजार में आज से शुरू हो रहे कारोबारी सप्ताह के दौरान लेंसकार्ट समेत कुल छह कंपनियों का शेयरहोल्डर लॉक-इन पीरियड खत्म हो रहा है। इनमें से दो कंपनियों का लॉक-इन पीरियड आज ही खत्म हो गया है। लॉक-इन पीरियड खत्म होने के बाद इन दोनों कंपनियों के 2,566.50 करोड़ रुपये के शेयर में आज से ट्रेडिंग शुरू हो गई है। इस सप्ताह के अंत तक सभी छह कंपनियों का शेयर होल्डर लॉक-इन पीरियड खत्म होने के बाद लगभग 64 हजार करोड़ रुपये के शेयर ट्रेडिंग के लिए फ्री हो जाएंगे।

रियल एस्टेट सेक्टर में काम करने वाली कंपनी दीपक बिल्डर्स का डेढ़ साल से अधिक अवधि का लॉक-इन पीरियड आज खत्म हो गया। लॉक-इन पीरियड खत्म होने के बाद कंपनी की कुल बकाया इक्विटी का 20 प्रतिशत यानी लगभग 93 लाख शेयर ट्रेडिंग के लिए फ्री हो गए हैं। इन शेयरों की मार्केट वैल्यू लगभग 79.50 करोड़ रुपये है। इसी तरह रियल स्टेट सेक्टर की एक और दिग्गज कंपनी एफकॉन्स इंफ्रा का डेढ़ साल से अधिक अवधि का लॉक-इन पीरियड आज खत्म हो गया। लॉक-इन पीरियड खत्म होने के बाद कंपनी की कुल बकाया इक्विटी का 20 प्रतिशत यानी लगभग 7.36 करोड़ शेयर ट्रेडिंग के लिए फ्री हो गए हैं। इन शेयरों की मार्केट वैल्यू लगभग 2,487 करोड़ रुपये है।

आज के बाद सात मई यानी गुरुवार को ऑटोमोबाइल सेक्टर के लिए काम करने वाली कंपनी स्टड्स एसेसरीज का डेढ़ साल से अधिक अवधि का लॉक-इन पीरियड खत्म होने वाला है। लॉक-इन पीरियड खत्म होने के बाद कंपनी की कुल बकाया इक्विटी का 60 प्रतिशत यानी लगभग 2.37 करोड़ शेयर ट्रेडिंग के लिए फ्री हो जाएंगे। इन शेयरों की मार्केट वैल्यू लगभग 1,175 करोड़ रुपये है। इसके अलावा सप्ताह के आखिरी कारोबार दिन शुक्रवार यानी आठ मई को तीन कंपनियों का शेयरहोल्डर लॉक-इन पीरियड खत्म होने वाला है। इस दिन लॉक-इन पीरियड खत्म होने वाली पहली कंपनी लेंसकार्ट है। कुल छह महीने का लॉक-इन पीरियड खत्म होने के बाद कंपनी की कुल बकाया इक्विटी का 60 प्रतिशत यानी लगभग 104.74 करोड़ शेयर ट्रेडिंग के लिए फ्री हो जाएंगे। इन शेयरों की मार्केट वैल्यू लगभग 54,150 करोड़ रुपये है। इसी दिन एमवी फोटोवोल्टिक के शेयरों का लॉक-इन पीरियड खत्म हो रहा है। लॉक-इन पीरियड खत्म होने के बाद कंपनी की एक प्रतिशत आउटस्टैंडिंग इक्विटी यानी लगभग 46 लाख शेयर ट्रेडिंग के लिए फ्री हो जाएंगे। इन शेयरों की मार्केट वैल्यू 120.50 करोड़ रुपये है।

आठ मई को ही ऑर्कला इंडिया के शेयरों का भी लॉक-इन पीरियड भी खत्म होने वाला है। छह महीने का लॉक-इन पीरियड खत्म होने के बाद कंपनी की कुल बकाया इक्विटी का 63 प्रतिशत यानी लगभग 8.67 करोड़ शेयर ट्रेडिंग के लिए फ्री हो जाएंगे। इन शेयरों की मार्केट वैल्यू लगभग 5,540 करोड़ रुपये है।

## एनसीएलएटी ने खारिज की जेपी मामले में अडाणी समूह की बोली के विरुद्ध वेदांता की अपील

**एजेंसी, नई दिल्ली**




राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) ने दिग्गज उद्योगपति अनिल अग्रवाल की कंपनी वेदांता लिमिटेड की दो याचिकाएं खारिज कर दीं हैं। कंपनी ने इन याचिकाओं में कर्ज में डूबी जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड के लिए अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड की बोली के चयन को चुनौती दी थी। इससे पहले इस मामले में वेदांता लिमिटेड को सुप्रीम कोर्ट में भी निराशा हाथ लगी थी। न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) अशोक भूषण और तकनीकी सदस्य बरुन मित्रा की अध्यक्षता वाली पीठ ने राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण (एनसीएलटी) के पूर्व आदेश को बरकरार रखा और कहा कि निर्णय लेने वाले प्राधिकरण के फैसले में हस्तक्षेप करने का कोई आधार नहीं है। पीठ ने कहा कि अपील में कोई दम नहीं है। दोनों अपीलें खारिज की जाती हैं। कोई आदेश पारित करने की आवश्यकता नहीं है। एनसीएलएटी ने पाया कि 14 नवंबर, 2025 को हुई अपनी 24वीं बैठक में समिति द्वारा परिशिष्ट पर विचार न करने का निर्णय न तो अमान्य था और न ही अनुचित। वेदांता ने मूल्यांकन मानदंड पर सवाल उठाते हुए कहा था कि उसकी बोली सकल मूल्य के लिहाज से 3,400 करोड़ रुपये अधिक और शुद्ध वर्तमान मूल्य (एनपीवी) के आधार पर लगभग 500 करोड़ रुपये अधिक थी। इसे खारिज करते हुए एनसीएलएटी ने कहा कि सीओसी द्वारा उच्च मूल्य वाली योजना को मंजूरी न देना 'मनमाना या अनुचित' नहीं कहा जा सकता। कंपनी विधि न्यायाधिकरण की इलाहाबाद पीठ ने 17 मार्च को जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड के अधिग्रहण के लिए अडाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड की 14,535 करोड़ रुपये की बोली को मंजूरी दी थी, जिसे वेदांता ने एनसीएलएटी में चुनौती दी थी। वेदांता ने इस आदेश को उच्चतम न्यायालय में भी चुनौती दी थी लेकिन शीर्ष अदालत ने रोक लगाने से इनकार कर दिया। जेपी समूह की प्रमुख कंपनी जेएएल को 57,185 करोड़ रुपये कर्ज के भुगतान में चूक के बाद जून, 2024 में कॉरपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया में शामिल किया गया था। अडाणी एंटरप्राइजेज ने जेएएल के लिए लगाई बोली में वेदांता लिमिटेड और डालमिया भारत को पीछे छोड़ते हुए जीत हासिल की। अडाणी एंटरप्राइजेज को कर्जदाताओं के सर्वाधिक 89 फीसदी मत मिले थे। जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड (जेएएल) के लिए अडाणी समूह की समाधान योजना को राष्ट्रीय कंपनी विधि अपील अधिकरण से मंजूरी मिल गई है। इसके साथ ही इसके प्रोसेस को चुनौती देने वाली वेदांता समूह की याचिका को खारिज कर दिया गया है।

## कच्चे तेल का भाव लुढ़ककर 107 डॉलर प्रति बैरल पर

**एजेंसी, नई दिल्ली**



पश्चिम एशिया संकट एवं वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' की घोषणा के बाद कच्चे तेल का भाव लुढ़क कर 101 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आई है। ब्रेंट क्रूड -0.79 डॉलर यानी -0.73 फीसदी की गिरावट के साथ 107.0 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। इसी तरह वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.92 डॉलर यानी -0.90 की गिरावट के साथ 101.0 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। जानकारों का कहना है कि कच्चे तेल की कीमतों में ये गिरावट अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के द्वारा स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में फंसे वाणिज्यिक जहाजों की मदद के लिए प्रोजेक्ट फ्रीडम के ऐलान के बाद आई है। पिछले हफ्ते ब्रेंट क्रूड की कीमत 126 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच चुकी थी। उल्लेखनीय है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल के जरिए प्रोजेक्ट फ्रीडम की जानकारी दी। ट्रंप ने कहा कि जिन देशों ने अमेरिका से सहायता मांगी है उन देशों की मदद करने के लिए यह शुरू किया जा रहा है। इसके बाद वे देश इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग से आसानी से अपने जहाजों को सुरक्षित निकाल पाएंगे।

### बजाज ऑटो की अप्रैल में कुल बिक्री 40 फीसदी बढ़कर 5,13,792 इकाई

**एजेंसी, नई दिल्ली**

प्रमुख वाहन निर्माता कंपनी बजाज ऑटो लिमिटेड की अप्रैल महीने में कुल बिक्री 40 फीसदी बढ़कर 5,13,792 इकाई पर पहुंच गई। पिछले साल के इसी अवधि में यह 3,65,810 इकाई रही थी। कंपनी ने सोमवार को एक बयान में कहा कि बजाज ऑटो लिमिटेड ने अप्रैल महीने में अपनी कुल बिक्री में 40 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की है। अप्रैल में यह बिक्री 5,13,792 इकाई रही है, जबकि पिछले साल इसी महीने में यह 3,65,810 इकाई थी। इस दौरान घरेलू बिक्री 13 फीसदी बढ़कर 2,48,210 इकाई हो गई, जबकि अप्रैल 2025 में यह 2,20,615 इकाई थी। इस वृद्धि का मुख्य कारण 83 फीसदी की भारी निर्यात वृद्धि है। कंपनी ने बताया कि पिछले साल इसी महीने के 1,45,195 इकाई के मुकाबले निर्यात में 83 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है और यह बढ़कर 2,65,582 इकाई हो गया है। पिछले महीने घरेलू बाजार में दोपहिया वाहनों की बिक्री 2,10,063 इकाई रही है, जबकि अप्रैल 2025 में यह 1,88,615 इकाई थी। इस तरह बिक्री में 11 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज हुई है। कंपनी ने बताया कि दोपहिया वाहनों का निर्यात भी 78 फीसदी बढ़कर 2,29,890 इकाई हो गया।

## वैल्यू 360 कम्युनिकेशंस का आईपीओ लॉन्च, 11 मई को हो सकती है लिस्टिंग

**एजेंसी, नई दिल्ली**

मार्केटिंग और पीआर सॉल्यूशन कंपनी वैल्यू 360 कम्युनिकेशंस का 41.69 करोड़ रुपये का आईपीओ आज सब्सक्रिप्शन के लिए लॉन्च कर दिया गया। इस आईपीओ में छह मई तक बोली लगाई जा सकती है। इश्यू की क्लोजिंग के बाद सात मई को शेयरों का अलॉटमेंट किया जाएगा, जबकि आठ मई को अलॉटेड शेयर डीमैट अकाउंट में क्रेडिट कर दिए जाएंगे। कंपनी के शेयर 11 मई को एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट हो सकते हैं। दोपहर दो बजे तक कंपनी के आईपीओ को तीन प्रतिशत सब्सक्रिप्शन मिल सका था। इस आईपीओ में बोली लगाने के लिए 95 रुपये से लेकर 98 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 1,200 शेयर का है। वैल्यू 360 कम्युनिकेशंस के इस आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स को दो लॉट यानी 2,400 शेयरों के लिए बोली लगाना होगा, जिसके लिए उन्हें 2,35,200 रुपये का निवेश करना होगा। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले कुल 42.54 लाख शेयर जारी हो रहे हैं।

इनमें 35 करोड़ रुपये के 36,15,600 नए शेयर और 4,24,800 शेयर ऑफर फॉर सेल विंडो के जरिये बेचे जा रहे हैं। इस आईपीओ में क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए 1.78 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व किया गया है। इसके अलावा रिटेल इनवेस्टर्स के लिए 69.0835 प्रतिशत हिस्सा और नॉन इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स (एनआईआई) के लिए 29.14 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व है। इस इश्यू के लिए हॉरिजॉन मेनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड को बुक रनिंग लीड मैनेजर बनाया गया है, जबकि केफिन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड को रजिस्ट्रार बनाया गया है। वहीं ऐक्यम कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का मार्केट मेकर है। वैल्यू 360 कम्युनिकेशंस की वित्तीय स्थिति की बात करें, तो कैपिटल मार्केट रेगुलेटर सेबी के पास जमा कराए गए ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है।

# आज के लिए नहीं बल्कि भविष्य की विरासत के लिए काम करना चाहती हूं: अनन्या पांडे



अभिनेत्री अनन्या पांडे इन दिनों अपनी आगामी फिल्म चांद मेरा दिल को लेकर लगातार चर्चा में बनी हुई हैं। अनन्या ने हाल ही में अपने करियर और भविष्य की योजनाओं को लेकर खुलकर बात की। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट की। इसमें उन्होंने बताया कि वह अपने करियर को किस दिशा में लेना जाना चाहती हैं। अनन्या कहती हैं, मुझे लगता है कि मैंने अभी तो बस शुरुआत की है, लेकिन ऐसी बहुत सी फिल्में और बेहतरीन कलाकार हैं, जिनके साथ काम करना मेरा सपना है। अभिनेत्री ने बताया कि उनके पास योजनाओं की एक लंबी लिस्ट है और वह इंडस्ट्री में बहुत कुछ हासिल करना चाहती हैं। उन्होंने अपनी बातें शेयर करते हुए कहा कि वह अब एक कदम और आगे बढ़ाना चाहती हैं।

अभिनेत्री का उद्देश्य अब एक ऐसी फिल्में बनाना है, जो लंबे समय तक दर्शकों के दिलों में बसी रहें। उन्होंने कहा, मैं कुछ ऐसा प्रोजेक्ट का हिस्सा बनना चाहती हूं, जिसे हमेशा याद रखा जाए और जो मेरे बाद भी दुनिया में बना रहे। अनन्या ने माना कि उम्र और अनुभव के साथ फिल्मों के प्रति उनका लगाव और गहरा होता जा रहा है। उन्होंने बताया, फिल्मों को अब मैं लंबे समय तक चलने के नजरिए से देख रही हूं, क्योंकि मुझे अब समझ आ रहा है कि फिल्में कितनी प्रभावशाली होती हैं और वे हमेशा के लिए अमर हो जाती हैं। मैं आज के लिए नहीं, बल्कि भविष्य की विरासत के लिए काम करना चाहती हूं। अभिनेत्री लक्ष्य लालवानी के साथ जल्द ही फिल्म चांद मेरा दिल में नजर आएंगी। यह एक कॉलेज रोमांस से शुरू होकर एक इंटेंस और ट्रैजिक लव स्टोरी में बदलती है, जो युवाओं के जुनून भरे प्यार को दर्शाती है। विवेक सोनी द्वारा निर्देशित फिल्म चांद मेरा दिल का निर्माण करण जौहर की धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले किया गया है। फिल्म में अनन्या पांडे चांदनी और लक्ष्य आरव के रूप में नजर आएंगे। चांद मेरा दिल 22 मई सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

# थिएटर ने बहुत कुछ सिखाया अभिनेत्री रश्मि देसाई को



बॉलीवुड अभिनेत्री रश्मि देसाई का मानना है कि थिएटर ने उन्हें एक कलाकार के तौर पर बहुत कुछ सिखाया है और यह सीखने का एक बेहद खूबसूरत और प्रभावशाली माध्यम है। अभिनेत्री ने कहा कि थिएटर एक्टर्स बहुत मेहनत करते हैं। उन्हें उनका हक समय पर नहीं मिलता। वे जिस तरह का मजा करते हैं, उनका एक छोटा सा परिवार होता है और वे उसी में खुश रहते हैं। रश्मि ने इस बात पर जोर दिया कि थिएटर कलाकार बाहरी तारीफों या बड़ी पहचान के पीछे नहीं भागते। उन्हें किसी और की तारीफ की जरूरत नहीं होती कि ठीक है, यह करो, वह करो। वे अपनी कला और अपने साथियों के साथ खुश रहते हैं। रश्मि ने थिएटर कलाकारों की जोखिम लेने की अद्वितीय क्षमता की भी तारीफ की। उन्होंने कहा कि थिएटर एक्टर्स हर तरह का रिस्क लेने के लिए तैयार रहते हैं। यदि मंच पर कोई गलती हो जाए या कोई असफलता मिले, तो भी उनके साथी कलाकार उनका हाथ थाम लेते हैं और उन्हें यह भरोसा दिलाते हैं कि यह वक्त भी गुजर जाएगा। रश्मि के अनुसार, थिएटर सीखने का सबसे अच्छा माध्यम है जहाँ हर असफलता के बाद एक नई शुरुआत होती है, क्योंकि यह कलाकारों को तुरंत प्रतिक्रिया और सुधार का मौका देता है। अभिनेत्री ने थिएटर कलाकारों के लिए अधिक सम्मान की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा, वे ज्यादा इज्जत के हकदार हैं। लोगों को थिएटर और थिएटर एक्टर्स के बारे में और जानना चाहिए। यह काम करने के लिए बहुत खूबसूरत माध्यम है। रश्मि देसाई ने अपने व्यक्तिगत थिएटर अनुभव पर खुशी जताते हुए कहा कि उन्हें इस बात का दुख है कि उन्होंने इतने लंबे समय बाद थिएटर किया। उन्होंने वैशाली, प्रतिमा, अयूब, ओजस रावल और आसिफ पटेल जैसे अपने सह-कलाकारों और निर्देशकों का दिल से आभार व्यक्त किया। रश्मि ने उन्हें कमाल और बेहद सकारात्मक लोग बताया, जिनके साथ काम करके उन्हें बहुत कुछ सीखने को मिला। रश्मि देसाई का करियर साल 2006 में 'रावण' धारावाहिक से शुरू हुआ था। इसके बाद 'परी हूं मैं' में डबल रोल और 'उतरन' जैसे लोकप्रिय शो से उन्हें व्यापक लोकप्रियता मिली।

## फिल्म

# सरबजीत की पुण्यतिथि पर रणदीप हुड्डा का छलका दर्द

बॉलीवुड अभिनेता रणदीप हुड्डा ने पाकिस्तान में जासूसी के आरोप में गिरफ्तार सरबजीत सिंह की पुण्यतिथि पर उनके लिए एक भावुक पोस्ट साझा की। अभिनेता ने इंस्टाग्राम के जरिए शेयर किए गए इस नोट में सरबजीत के अदम्य साहस और उनके परिवार के अथक संघर्ष को नमन किया। रणदीप हुड्डा ने लिखा कि सरबजीत की कहानी ने उनकी पूरी जिंदगी और नजरिए को बदल कर रख दिया। अभिनेता ने बताया कि सरबजीत का किरदार निभाते समय उन्होंने उस दर्द, खामोशी और हिम्मत को गहराई से महसूस किया,



जिससे सरबजीत पाकिस्तान की जेल में सालों तक गुजरे थे। यह अनुभव इतना तीव्र था कि इसने रणदीप के भीतर एक स्थायी छाप छोड़ दी। रणदीप हुड्डा ने अपनी इस मार्मिक पोस्ट में सरबजीत की बहन दलवीर कौर और उनकी पत्नी सुखप्रीत को भी याद किया। उन्होंने लिखा, इन दोनों महिलाओं ने सरबजीत को न्याय दिलाने और उन्हें वापस लाने के लिए पूरी दुनिया से लड़ाई लड़ी।

हालांकि, अब ये दोनों ही इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन इनका साहस और समर्पण हमेशा एक मिसाल रहेगा। रणदीप ने संतोष व्यक्त करते हुए लिखा कि सरबजीत, आपकी यादें आज भी आपकी बेटियों स्वप्नदीप और पूनम के जरिए जिंदा हैं, जो आज अपने परिवार के साथ एक अच्छी और सुकून भरी जिंदगी जी रही हैं। उन्होंने कहा कि इसमें शायद एक शांत सा सुकून है, जो हर उस परिवार को मिलना चाहिए जिसने इतना दर्द और पीड़ा सही हो। रणदीप ने यह भी लिखा कि इतना दर्द सहने के बाद हर परिवार को ऐसा ही सुकून मिलना चाहिए, जो जीवन के घावों को भरने में मदद करता है। रणदीप हुड्डा ने सरबजीत को सम्मान देते हुए अपनी पोस्ट का समापन किया, कई साल बीत गए, लेकिन आपकी कहानी आज भी मेरे साथ है। कुछ किरदार फिल्म के साथ खत्म हो जाते हैं, लेकिन आप कभी नहीं गए। उन्होंने कहा कि सरबजीत का किरदार उनके अंदर हमेशा जीवित रहेगा। आज आपको सम्मान और भारी दिल के साथ याद कर रहा हूं। आप हमेशा याद रहेंगे। ऊं शांति।

सरबजीत की बहन दलबीर कौर, जिन्होंने अपने भाई को जेल से छुड़ाने के लिए एक लंबा और कठिन संघर्ष किया था, वे रणदीप की एक्टिंग से बहुत प्रभावित थीं और उन्हें वास्तविक भाई की तरह प्यार करती थीं। जून 2022 में दलबीर कौर के निधन के बाद, रणदीप हुड्डा ने मुंबई से पंजाब जाकर उनका अंतिम संस्कार किया था, जो उनके गहरे व्यक्तिगत जुड़ाव को दर्शाता है। मालूम हो कि साल 2016 की फिल्म सरबजीत में रणदीप हुड्डा ने मुख्य भूमिका निभाई थी, जिसमें उन्होंने एक भारतीय किसान सरबजीत सिंह की सच्ची कहानी को पर्दे पर उतारा, जिसे पाकिस्तान में जासूसी के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया था।

# स्पेक्टर अविनाश सीजन 2 का ऐलान, अपराध का खात्मा करने लौटेंगे रणदीप हुड्डा



रणदीप हुड्डा की सीरीज इंस्पेक्टर अविनाश का पहला सीजन 2023 में जियोहॉटस्टार पर रिलीज हुआ था, जिसे लोगों द्वारा काफी पसंद किया गया। इसकी अपार सफलता को देखते हुए निर्माताओं ने इसके सीजन का ऐलान कर दिया है। साथ में टीजर भी आया है। पुलिस वाले बनकर रणदीप एक बार फिर वापसी करते दिखाई देंगे। बता दें, जियो स्टूडियोज, नीरज पाठक और कृष्ण चौधरी द्वारा निर्मित यह सीरीज 1990 के दशक के उत्तर प्रदेश की कठोर पृष्ठभूमि पर आधारित है। 40 सेकेंड का टीजर जबरदस्त एक्शन से भरपूर और रोमांचक प्रतीत होता है। विस्फोटक टकरा और बढ़ते खतरे के एहसास के साथ, टीजर एक ऐसी कहानी को दिखाने का संकेत देता है, जिसमें दांव बड़े हैं, लड़ाइयां मुश्किल हैं और रास्ता बिल्कुल भी आसान नहीं है। सीरीज में उर्वशी रौतेला, अमित सियाल, रजनीश दुग्गल, अभिमन्यु सिंह, शालीन भनोट और फ्रेडी दारूवाला भी हैं। नीरज पाठक द्वारा निर्देशित इस सीरीज की रिलीज तारीख का ऐलान होना अभी बाकी है।

# खुद पर बेवजह का दबाव न डालना ही महत्वपूर्ण: अदा शर्मा

बॉलीवुड अभिनेत्री अदा शर्मा का मानना है कि आज के तेजी से बदलते दौर में काम और निजी जिंदगी के बीच सही संतुलन बनाना हमेशा संभव नहीं हो पाता। अभिनेत्री ने हाल ही में काम और निजी जीवन के बीच संतुलन बनाने की चुनौतियों पर खुलकर बात की है। उन्होंने वर्क-लाइफ बैलेंस की तुलना जेंगा के खेल से की, जिसमें थोड़ा सा बदलाव भी पूरे ढांचे को बिगाड़ सकता है। अदा ने कहा कि यह जेंगा के खेल जैसा लगने लगता है। बस एक और शूट जुड़ता है और सब कुछ डगमगा जाता है। उनका कहना है कि परफेक्ट बैलेंस के पीछे भागने के बजाय, वह दिन को हल्के-फुल्के अंदाज में जीने पर ध्यान देती हैं। उनके लिए छोटे-छोटे पलों में खुशी ढूंढना और खुद पर बेवजह का दबाव न डालना ही सबसे महत्वपूर्ण है। अदा ने आगे कहा कि उन्होंने यह बात अच्छी तरह समझ ली है कि वह परफेक्ट बैलेंस बनाने में उतनी अच्छी नहीं हैं, लेकिन इतना जरूर कर लेती हैं कि पूरी तरह टूट न जाएं। वे कई बार पांच घंटे की नींद को भी सेहतमंद मान लेती हैं और उसी के सहारे अपना पूरा दिन आराम से निकाल लेती हैं। उनके लिए यह एक तरह की स्वीकृति है कि हर दिन आदर्श नहीं हो सकता, लेकिन फिर भी उसमें खुशियां ढूंढी जा सकती हैं। अदा ने यह भी बताया कि उनके लिए एक सफल दिन तब होता है जब वह समय पर शूट पूरा कर लें, हंस लें, समय पर खाना खा लें और सबसे महत्वपूर्ण बात, उन्हें याद रहे कि उन्होंने अपना फोन कहाँ रखा है। उनके मुताबिक, जीवन की ये छोटी-छोटी जीत ही असली वेलनेस हैं, जो व्यक्ति को मानसिक और भावनात्मक रूप से संतुष्ट रखती हैं।

काम की बात करें तो 33 वर्षीय अभिनेत्री अदा शर्मा को हाल ही में फिल्म तुमको मेरी कसम में देखा गया था, जिसे विक्रम भट्ट ने डायरेक्ट किया है। यह फिल्म डॉ. अजय मुर्डिया के जीवन से प्रेरित बताई जाती है, जो इंदिरा आईवीएफ के संस्थापक हैं। इस फिल्म में अनुपम खेर, इश्वाक सिंह और ईशा देओल जैसे अनुभवी कलाकार भी अहम भूमिकाओं में नजर आए थे। अब अदा जल्द ही एक और महत्वपूर्ण फिल्म गवर्नर: द साइलेंट सेवियर में नजर आएंगी, जिसमें उनके साथ दिग्गज अभिनेता मनोज बाजपेयी भी होंगे। यह फिल्म 1991 के आर्थिक संकट के दौरान भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर रहे एस. वेंकटरमणन के समय से प्रेरित बताई जा रही है, हालांकि मेकर्स ने अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। इस फिल्म को सनशाइन पिक्चर्स ने प्रेजेंट किया है और इसका निर्देशन चिन्मय मंडलेकर ने किया है।



# शॉर्ट्स और टॉप में रुहानिका धवन ने ढाया कहर

## दिए कातिलाना पोज, वायरल हुई तस्वीरें



टीवी शो ये है मोहब्बते में दिव्यांकी त्रिपाठी की ऑन स्क्रीन बेटी बन रूही के किरदार से रुहानिका धवन ने खूब सुर्खियां बटोरी. अब वो पहले से काफी बड़ी हो गई हैं. वो सोशल मीडिया पर अपने लुक्स को लेकर छाई रहती हैं. हाल ही में उन्होंने अपनी कई ग्लैमरस फोटोज शेयर की है. रुहानिका धवन सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं. फैंस उनकी हर एक नई पोस्ट का बेसब्री से इंतजार करते हैं. हाल ही में उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपनी कई ग्लैमरस फोटोज शेयर की हैं. फोटोज में वो काफी स्टाइलिश लुक में नजर आई. लुक की बात करें तो उन्होंने डेनिम शॉर्ट्स और व्हाइट क्रॉप टॉप पहना है. खुले बाल और मिनिमल मेकअप में रुहानिका धवन काफी खूबसूरत लग रही हैं. उन्होंने कई अलग-अलग अंदाज में कातिलाना पोज दिए हैं. तस्वीरों में रुहानिका काफी कॉन्फिडेंट नजर आ रही है. उनकी ये सादगी भरी मुस्कान फैंस का दिल जीत रही है. उनकी इन फोटोज पर फैंस जमकर प्यार लुटा रहे हैं. एक यूजर ने लिखा,बेबी गर्ल बड़ी हो गई है. वहीं दूसरी ने किया. क्यूटनेस की कोई लिमिट नहीं है.

# फ्रोजन योगर्ट बनाम आइसक्रीम: गर्मियों में किसका सेवन करना सेहत के लिए है बेहतर?

गर्मियों में ठंडक देने वाले व्यंजनों की बात हो तो आइसक्रीम और फ्रोजन योगर्ट का नाम जरूर आता है। हालांकि, क्या आप जानते हैं कि इनमें से कौन-सा विकल्प ज्यादा सेहतमंद है? अगर नहीं तो आज हम आपको इन दोनों के बीच के अंतर और कौन-से विकल्प को चुनना बेहतर है, इसके बारे में विस्तार से बताने जा रहे हैं। आइए जानते हैं कि फ्रोजन योगर्ट और आइसक्रीम में से क्या खाने से ज्यादा सेहतमंद रहा जा सकता है। फ्रोजन योगर्ट को दही से बनाया जाता है। दही में ऐसे तत्व होते हैं, जो पाचन को ठीक रखने और पेट को स्वस्थ रखने में मदद कर सकते हैं। फ्रोजन योगर्ट में दूध या क्रीम के बजाय दूध से बने पाउडर का इस्तेमाल किया जाता है, जिससे यह आइसक्रीम की तुलना में कम कैलोरी और चर्बी वाला होता है। फ्रोजन योगर्ट में आमतौर पर कम चीनी होती



है, जिससे यह मिठाई का एक सेहतमंद विकल्प बन सकता है। आइसक्रीम दूध, क्रीम, चीनी और फ्लेवर से बनाई जाती है। इसमें अधिक चर्बी होती है और यह चीनी का एक प्रमुख स्रोत भी है। आइसक्रीम में आइसक्रीम बनाने वाले पाउडर का इस्तेमाल नहीं किया जाता है। आइसक्रीम को बनाने के लिए कच्चे दूध को उबालकर उसमें चीनी और अन्य सामग्री मिलाई जाती हैं, फिर इसे फेंटकर फ्रिज में जमाया जाता है। यह डेजर्ट कई अलग-अलग फ्लेवर में उपलब्ध रहता है। फ्रोजन योगर्ट मुख्य रूप से दही से बनने के कारण फायदेमंद तत्वों से भरपूर होता है। वहीं, आइसक्रीम में अधिक चर्बी और चीनी होती है, जो इसे फ्रोजन योगर्ट की तुलना में कम सेहतमंद बनाते हैं। फ्रोजन योगर्ट में आइसक्रीम बनाने वाले पाउडर का इस्तेमाल नहीं किया जाता है, जबकि आइसक्रीम बनाने के लिए कच्चे दूध को उबालकर उसमें चीनी और अन्य सामग्री मिलाई जाती हैं। फ्रोजन योगर्ट की तुलना में आइसक्रीम में कैलोरी और चर्बी अधिक होती है। फ्रोजन योगर्ट बनाने के लिए सबसे पहले दही को ब्लेंडर में डालकर अच्छे से मिलाएं। इसके बाद इसमें धीरे-धीरे करके दूध का पाउडर और चीनी या शहद शामिल कर दें। अब इस मिश्रण को एक कंटेनर में डालकर फ्रिज में जमने के लिए रख दें। जब यह जम जाए तो ऊपर से कटे हुए ताजे फल, मेवे और मसाले जैसे दालचीनी



पाउडर आदि डालकर इसका आनंद लें। आप इसे अलग-अलग फलों वाले फ्लेवर में भी बना सकते हैं। आइसक्रीम बनाने के लिए सबसे पहले दूध, क्रीम, चीनी और वनीला एसेंस को एक साथ अच्छे से मिलाएं। मिलाने के लिए आप हैंड ब्लेंडर की मदद ले सकते हैं, जिससे आप इसे अच्छी तरह से फेंट सकेंगे। इसके बाद इस मिश्रण को एक कंटेनर में डालकर फ्रिज में जमने के लिए रख दें। जब यह जम जाए तो इसका आनंद लें। इसमें भी आप अपनी पसंद की सामग्रियां और फ्लेवर जोड़ सकते हैं।

# Team Raghav Chadha to get audience with President Murmu ahead of Bhagwant Mann

**Chandigarh, Agency:** A political face-off in Punjab heads to Rashtrapati Bhavan as rival camps led by Rajya Sabha MP Raghav Chadha and CM Bhagwant Mann seek to meet the President within hours of each other Monday, amid a row over defections and alleged police action.



Chadha, among seven AAP MPs who switched to BJP on April 24, is scheduled to meet President Droupadi Murmu at 10.40am, ahead of Mann at noon seeking "recall" of the defectors. Some MPs are expected to accompany Chadha, who plans to raise alleged "political vendetta". The confrontation intensified after reports of two FIRs with non-bailable charges against Rajya Sabha MP Sandeep Pathak. Pathak said he had no information on the cases but suggested "misuse of govt machinery", adding he would respond after seeing FIR copies. AAP spokesperson Kuldeep Singh Dhaliwal said he had no information. Punjab police have issued no confirmation for a second day, with officers describing "radio silence".

A senior lawyer said an accused could still seek anticipatory bail. DGP Gaurav Yadav did not respond. BJP functionaries met governor Gulab Chand Kataria, alleging FIRs after AAP MPs' switch were political retaliation, and sought an impartial probe, citing action against Trident Group owner and MP Rajinder Gupta.

# Bengal SIR a 'threat' to our jobs: Professionals, government staff move court



**Kolkata, Agency:** A senior central government officer in a PSU, an assistant teacher in a govt school, a medical professional preparing for a national entrance exam and an insurance agent whose licence hinges on his voter status - all moved Calcutta high court last week over their livelihoods being on the line after their names were deleted from Bengal's electoral rolls during SIR.

Justice Krishna Rao told their lawyers that the petitions would be heard at a later date, offering no relief before the election or, in the doctor's case, before his exam. SIR deletions have stripped 27 lakh people in the state of voting rights. The four pending petitions now highlight a dimension that goes beyond disenfranchisement.

**Petitioners flag citizenship fears in electoral purge:** Petitioners argue that for employees and licensed professionals, removal from electoral rolls brings their citizenship into question, which could lead to departmental action, service termination and even licence cancellation.

One of them, a 40-year-old PSU assistant general manager from Bhagabangola assembly constituency of Murshidabad, has been in service for more than a decade.

His name appeared in draft rolls published on Dec 16 last year, but he was called for a hearing over a "clerical discrepancy" in his father's name in the 2002 records. He submitted 11 documents but didn't make it to the final rolls. His appeal before the designated tribunal came to nothing.



# Rape-murder of 3-year-old: Kin seek death, protest shuts down Pune district

**Pune, Agency:** A shutdown brought western Maharashtra's Bhor-Rajgad belt in Pune district to a halt Sunday as outrage mounted over the rape and murder of a three-year-old girl, with her family refusing to meet politicians until the 65-year-old accused is sentenced to death.

Shops remained closed after residents called a bandh to protest the crime in Nasrapur village of Bhor taluka. The accused, a labourer from the village and a father of seven, has been arrested and is alleged to be a repeat offender in child abuse cases.

The girl went missing Friday afternoon. Frantic search led family to neighbour's CCTV that showed the accused leading the child to a cattle shed about 700m away, where her body was found under a heap of cow dung.

Tension spread across the district. Protesters tried to block traffic at Khed Shivapur toll plaza before police stepped in. The previous night, demonstrators and the victim's family blocked Mumbai-Bengaluru highway near Wadgaon bridge for more than four hours, demanding firm assurances from the state govt.

In a video message, the child's father said his family will not meet any politicians until the accused is awarded death penalty. Several politicians visited the family earlier in the day, while minister Madhuri Misal and Maratha quota activist Manoj Jarange cancelled their plans following the family's appeal.

Chief minister Devendra Fadnavis said public anger was understandable but cautioned against attempts to exploit the situation. He said he had spoken to the victim's father and given a written assurance that govt would pursue the death penalty. "The case will be tried in a fast-track court and procedures will be expedited," he said, adding demands for public execution cannot be met. "While everyone wants the accused to be hanged publicly, such things cannot be done in a democratic system as it functions according to the law," Fadnavis added.

# Abandoned in forest, 2-year-old walks for 20 hours, survives

**Bhopal, Agency:** A two-year-old boy, unclothed waist down, walked barefoot alone for nearly 20 hours through a forest full of wild animals after his father allegedly killed his mother and abandoned him in a remote patch of Madhya Pradesh.



The stunning survival story ended with cops finding the weak and dehydrated toddler early Sunday in a remote patch along the Vidisha-Raisen border after arresting his father. So hungry and thirsty was the baby that he grabbed food and water the cops offered him before he was rushed to hospital and stabilised.

# Govt to screen all children for diabetes roll out free lifelong care under RBSK

**New Delhi, Agency:** In a major policy shift, the Centre will now screen all children from birth to 18 years for diabetes and provide free, lifelong treatment through the public health system, expanding its flagship Rashtriya Bal Swasthya Karyakram (RBSK) to address a growing burden of the disease in younger age groups.



The guidance document, released by the Union health ministry at a national public health summit, lays down a structured national framework for screening, diagnosis, treatment and long-term management of childhood diabetes. It integrates community- and school-based screening with district-level care, aiming to ensure early detection and continuity of treatment.

The rollout is part of the Centre's revamp of RBSK 2.0, which adopts a lifecycle approach from birth to 18 years and expands its "4Ds" framework to include non-communicable diseases such as diabetes, along with mental health and behavioural conditions. The guidelines also flag rising lifestyle risks-including poor diet, reduced physical activity and increased screen exposure-and introduce digital tracking and structured follow-up systems to strengthen continuity of care.

Under the protocol, mobile health teams will screen children in schools and anganwadi centres for symptoms such as frequent urination, excessive thirst, fatigue and weight loss-the "4Ts" warning signs. Suspected cases will undergo immediate blood glucose testing and be referred to district NCD clinics for confirmation and treatment. The move comes amid growing concern over diabetes in younger populations.

# Abetment case filed in Delhi judge's death

**New Delhi, Agency:** A day after a 30-year-old judge allegedly died by suicide at his residence in south Delhi's Green Park, police registered a case of abetment on Sunday following a complaint from his father alleging harassment by the in-laws. Police were tight-lipped on whether anyone was named in the FIR.



The deceased, Aman Sharma, was secretary of District Legal Services Authority, North East District, at Karkardooma courts. Police said Sharma's relative contacted police around 1.45pm on Saturday to report that the judge had locked himself in the bathroom. A case of abetment and criminal conspiracy under BNS sections has been registered at Safdarjung Enclave police station.

# Mamata Banerjee vs Suvendu Adhikari: TMC leading in Bhabanipur in trends

.**New Delhi, Agency:** All eyes are on the high-stakes battle between West Bengal chief minister Mamata Banerjee and the assembly's opposition leader Suvendu Adhikari as counting of votes take place on Monday.



All India Trinamool Congress (TMC) chief Banerjee re-contested from Bhabanipur seat, which went to polls in the second phase on April 29. Meanwhile, Adhikari campaigned as Bharatiya Janata Party (BJP) candidate for both Nandigram and Bhabanipur. Candidates representing BJP, TMC, CONG, CPM, SUCI(C), BNARP, IND are contesting in Bhabanipur. According to trends, Mamata is leading from Bhabanipur but it stays a close contest between her and Adhikari.

In 2021, Banerjee had contested against Adhikari in his home turf, Nandigram. She lost to the BJP leader by 1,956 votes. Now, Adhikari takes on Banerjee in Bhabanipur - the CM's home constituency.

Bhabanipur has long been a stronghold for Banerjee. She has represented the seat as an MLA since 2011 and has not lost an election there. After becoming CM in 2011, she secured a decisive bypoll victory from Bhabanipur by 54,213 votes.

In 2016, her margin narrowed as she defeated Congress candidate Deepa Dasmunshi, backed by the Left, by 25,301 votes, while the BJP secured 26,299 votes.

In 2021, TMC retained Bhabanipur, with Sovandeb Chattopadhyay defeating BJP's Rudranil Ghosh by 28,719 votes. BJP's vote share rose to 35.2%, signalling a growing presence.

Banerjee later returned to contest the Bhabanipur bypoll, winning by 58,835 votes and securing her third term as CM.

The electorate in Bhabanipur has also undergone changes, with 41,068 names removed from the rolls, reducing the voter base by around 20% to about 1.6 lakh.

An analysis by Souptik Halder, along with Ashin Chakraborty and Sabir Ahamed, found that 56.7% of voters flagged under the 'under adjudication' category are Muslims, compared to their 20% share in the constituency's population as per the 2011 Census.

Earlier findings had shown Muslims accounted for 22.7% of voters marked as 'Absent, Shifted, or Dead/Duplicate' (ASDD), with the 'unmapped' share at around 26%, roughly in line with their population share. However, this rose sharply to 52% in the 'logical discrepancy' list. According to Chakraborty, despite Bhabanipur being a mixed-community constituency, Muslims are disproportionately represented among those under scrutiny. Halder added that booth-wise analysis of 2021 and 2024 data suggests that if voters under adjudication are unable to vote, the TMC's winning margin could drop significantly, and in some booths even disappear.